तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 11.2 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 24 दिसंबर 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया




## धुंए के गुबार से इलाके में छाया अंधेरा

- सिरगिट्टी सेक्टर बी में हुई आगजनी
- फैक्ट्री में खड़ा टैंकर व छोटा हाथी वाहन जलकर राख,
- आगजनी में लाखों का नुकसान होने की आशंका
- 15 दमकल पानी से भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका





सिरगिट्टी इंडस्ट्रियल स्थित फर्नीचर गोदाम में लगी आग।



दमकल के पानी से आग बुझाते जवान।

# फर्नीचर फैक्ट्री में लगी भीषण आग, भागते समय गिरने से एक कर्मचारी की मौत, दूसरा झुलसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिरगिट्टी इंडस्ट्रियल एरिया स्थित फर्नीचर फैक्ट्री में शार्ट सर्किट से मंगलवार की दोपहर आग लग गई, फैक्ट्री में केमिकल होने के कारण आग ने भीषण रूप ले लिया और आसपास का पूरा इलाका धुंए के गुबार से भर गया। आग इतनी भीषण थी कि रात तक 15 दमकल पानी डाले जाने के बाद भी एसडीआरएफ की टीम आग पर पूरी तरह काबू नहीं पा सकी थी। दूसरी ओर फैक्ट्री में एकाएक आग लगने से भागते समय एक कर्मचारी गिर गया, जिससे उसकी आग से जलकर मौत हो गई। वहीं एक अन्य कर्मचारी झुलस गया है।



फैक्ट्री के बार बैठा झुलसा कर्मचारी

सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, इंडस्ट्रियल एरिया सेक्टर - बी में फर्नीचर की फैक्ट्री व गोदाम है, जिसका नाम मित्तल फर्नीचर फैक्ट्री बताया जा रहा है। मंगलवार को दोपहर 3 बजे फैक्ट्री में 6 कर्मचारी काम कर रहे थे। इसी दौरान शार्ट सर्किट होने से अंदर में रखे थिनर व फोम में आग लग गई। अंदर में बड़ी संख्या में केमिकल के डिब्बे व फोम रखे होने से आग ने भीषण रूप ले लिया। आग बढ़ते देख काम कर रहे कर्मचारी आनन फानन में भागने लगे। भागते समय तिफरा सूर्यवंशी मोहल्ला निवासी अभिजीत सूर्यवंशी गिर गया, बुरी तरह झुलसने से उसकी मौत हो गई। वहीं एक अन्य कर्मचारी रितेश शुक्ला आग की चपेट में आकर झुलस गया है। कर्मचारियों ने उसे बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला। सूचना मिलते ही सिरगिट्टी पुलिस मौके पर पहुंच गई और झुलसे कर्मचारी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर फैक्ट्री के अंदर से आग की लपटें बाहर निकलने लगी। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम तीन दमकल लेकर मौके पर पहुंच गई। देर रात तक एसडीआरएफ की टीम आग बुझाने में लगी हुई थी। 15 दमकल पानी डाले जाने के बाद भी अंदर में केमिकल होने से पानी से आग पर काबू नहीं पाया जा रहा था। देर रात मस्तूरी क्षेत्र के नोवोको कंपनी से फोमवाला दमकल मंगाकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। इसके बाद भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका था।

### लाखों के फर्नीचर, वाहन जले

फैक्ट्री में आग लगने से अंदर में रखा लाखों रुपए का फर्नीचर जलकर राख हो गया है। इसी तरह अंदर खड़ा टैंकर व छोटा हाथी आग की चपेट में आ गया। भीषण आग की चपेट में आने से दोनों वाहन जलकर राख हो गए हैं। इसके अलावा फैक्ट्री के अंदर रखे पुरा सामान जलकर खाक हो गए है।

### धमाके से गूंजता रहा इलाका

फैक्ट्री के अंदर भारी मात्रा में केमिकल के डिब्बे रखे होने से पल पल में डिब्बे पटाखे की तरह फूट रहे थे। धमाके की आवाज से आसपास क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। अन्य फैक्ट्रियों से कर्मचारी बाहर निकलकर आग बुझाने के प्रयास में जुट गए।

### इलाके में छाया धुंए का गुबार

आग लगने से फैक्ट्री के अंदर से धुंए का गुबार निकल रहा है। धुंए के गुब्बार से आपपास क्षेत्र में अंधेरा छा गया था। आसपास के अन्य फैक्ट्री व लोगों के घरों में धुंआ भर गया, जिससे लोगों को सांस लेने में तकलीफ होने लगी। आसपास क्षेत्र में कुछ भी नजर नहीं आ रहा था। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कोई भी फैक्ट्री के पासपास नहीं जा पा रहा था।

### भागने पर कई लोगों को आई चोट

शाम 6.30 बजे तीन दमकल के पानी आग पर काबू पा लिया गया था, पुलिसकर्मी व लोग फैक्ट्री के अंदर जा रहे थे। इसी दौरान धमाके के साथ फिर से आग लग गई। अचानक आग लगने से आनन फानन में पुलिसकर्मी व लोग भागने लगे। भागते समय गिरकर एक पुलिसकर्मी सहित कई लोगों चोटें आई हैं।

### एक कर्मचारी की मौत, एक झुलसा

शार्टसर्किट होने से फर्नीचर फैक्ट्री में आग लग गई थी। भागते समय गिर जाने से एक कर्मचारी की जलकर मौत हो गई है, वहीं एक कर्मचारी झुलस गया है। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। देर रात तक एसडीआरएफ की टीम आग बुझाने का प्रयास कर रही थी।

- किशोर केंवट
सिरगिट्टी टीआई

## खबर संक्षेप

### शुक्ल के निधन होने से कवि सम्मेलन स्थगित

**बिलासपुर।** युवा महोत्सव के अवसर पर पुलिस ग्राउंड में आयोजित कवि सम्मेलन साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल के निधन होने के कारण स्थगित कर दिया गया। डिप्टी सीएम अरूण सॉव ने मंच से इसकी औपचारिक घोषणा कर बताया कि छत्तीसगढ के मशहूर साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल का 88 साल की उम्र में मंगलवार की शाम निधन होने से प्रदेश को अपूरणीय क्षति हुई है, इस शोक के समय में उत्सव मनाना उचित नहीं होगा। इस दौरान सीएम विष्णु देव साय,डिप्टी सीएम विजय शर्मा, केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, विधायक अमर अग्रवाल, विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक धर्मजीत सिंह, विधायक सुशांत शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और कवियों ने स्व. शुक्ल को श्रध्दांजलि अर्पित की।

### कड़ाके की ठंड के आगे गिर रहा है पारा

**बिलासपुर।** पहाड़ी इलाकों में लगातार हो रही बर्फबारी का असर यहां दिखने लगा है। कड़ाके की ठंड पूरे जिले को आगोश में ले चुकी है, शीतलहर चलने के कारण लोगों को ठिठूरन महसूस हो रही है। जिले सहित आसपास के इलाकों में लगातार पारा गिर रहा है। घने कोहरे के बीच पारा नीचे आने लगा है। सर्द हवाओं का कहर धीरे-धीरे बढ़ रहा है। उत्तर भार की आ रही बर्फीली हवाओं के कारण पूरा इलाका ठिठूर रहा है। अंबिकापुर और पेड्रारोड में पारा क्रमशः 5.6 और 7.0 डिग्री दर्ज किया गया है जबकि बिलासपुर का न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री दर्ज किया गया है। खास बात यह है कि सुबह से रात तक शीत लहर चल रही है। दिन में भी सूरज की धूप मध्यम प्रतीत हो रही है, लोगों को दोपहर 12 व 1 बजे भी धूप तापते देखा जा सकता है। वहीं ग्रामीण अंचलों में जगह-जगह पर अलाव जलाए जा रहे है। शहर में भी चौक-चौराहों पर अलाव जलाए जा रहे हैं।

### दयालबंद व लिंक रोड पर लगेंगे अतिरिक्त ट्रांसफार्मर

**बिलासपुर।** सर्द के मौसम में ही बिजली विभाग गर्मी की तैयारी में जुट चुका है। दयालबंद व लिंक रोड में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगें। विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है और शेड्यूल लेकर बिजली बंद की जा रही है और ट्रांसफार्मर लगाने का काम जारी है। सहायक यंत्री रवि ध्रुव ने बताया कि करीब 8 ट्रांसफार्मर लगाए जाने है इसके लिए 1 ट्रांसफार्मर लगाए जा चुके है लेकिन कुछ जगहों पर ट्रांसफार्मर लगाने का विरोध भी झेलना पड़ रहा है। दरअसल ट्रांसफार्मर लगाने के लिए मौजूदा ट्रांसफार्मर के आसपास पास ही जगह देखा जा रहा है, लेकिन इस दौरान निजी घर व दुकान आने पर कुछ लोगों की आपत्ति झेलनी पड़ रही है। इस दौरान विभाग के अधिकारी लोगों से अपील कर ट्रांसफार्मर लगाने का प्रयास कर करे हैं।

### पैरोल में रिहा हुआ बंदी फरार, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** पैरोल में रिहा हुआ बंदी फरार हो गया है। जेल प्रशासन की शिकायत पर पुलिस ने बंदी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, जेल प्रहरी रोशन कुमार साहू ने रिपोर्ट लिखाई। दण्डित बंदी रायगढ़ रार्बटसन चपले बायंग चौक निवासी मिथलेश पटेल पिता राजेन्द्र पटेल 35 साल हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। उसे 15 दिन के पैरोल पर जेल से रिहा किया गया था। उक्त बंदी को 2 मई 2020 को शाम 5 बजे जेल वापसी होना था। किन्तु उक्त बंदी फरार हो गया है अब तक उक्त बंदी जेल नहीं लौटा है। पुलिस ने जेल प्रहरी की रिपोर्ट पर बंदी के खिलाफ धारा 224 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

बिल्हा जनपद का मामला

## आवास योजना में फर्जीवाड़ा रोजगार सहायक बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



- जिला पंचायत सीईओ ने की कार्रवाई

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत जनपद पंचायत बिल्हा के ग्राम पंचायत खैरा (ड) में योजना के क्रियान्वयन में फर्जीवाड़ा सामने आने पर रोजगार सहायक मनोज सोनी को उनके पद से तत्काल प्रभाव से पृथक (बर्खास्त) कर दिया गया है।

सीईओ जिला पंचायत ने बताया कि जांच में उनके द्वारा गलत जियो-टैग फोटो अपलोड कर 1 लाख 20 हजार रुपए की राशि का गबन किया जाना प्रमाणित पाया गया। शिकायत प्राप्त होने पर जनपद पंचायत बिल्हा द्वारा जांच टीम गठित कर प्रकरण की जांच की गई। जांच के दौरान संबंधित आवास के जियो-टैग फोटो एवं भौतिक स्थिति में भिन्नता पाई गई। यह स्पष्ट हुआ कि रोजगार सहायक द्वारा वास्तविक हितग्राही के आवास का फोटो न लेकर किसी अन्य हितग्राही के आवास का फोटो अपलोड किया गया, जिसके आधार पर योजना की किश्त का आहरण कराया गया। जांच प्रतिवेदन में यह भी सामने आया कि मनोज सोनी द्वारा उक्त राशि का दुरुपयोग करते हुए संपूर्ण राशि का गबन किया गया है। प्रकरण में गंभीर लापरवाही, कर्तव्यहीनता एवं फर्जीवाड़ा प्रमाणित पाए जाने पर जांच समिति ने उन्हें दोषी ठहराया। जांच प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर के अनुमोदन उपरांत रोजगार सहायक मनोज सोनी, ग्राम पंचायत खैरा (ड) को पद से तत्काल प्रभाव से पृथक किया गया है। मामले में नियमानुसार आगे की विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## नहीं सुलझी गुमशुदा 17 हजार खसरों की गुत्थी, नहीं हुआ एग्रीस्टेक पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में 17 हजार खसरे अब भी ऐसे हैं, जिनका धान खरीदी के लिए पंजीयन नहीं हो सका है। प्रशासन की टीम अब भी इसकी पतासाजी कर रही है। बीते महीने यह आंकड़ा 39 हजार का था, जिसका पता लगाकर पंजीयन कराया गया था।

गुमशुदा पंजीयन प्रशासन के गले की फांस बना हुआ है। जिले के करीब सत्रह हजार खसरे अब भी ऐसे हैं, जिनका पता नहीं चल सका है। जिले में नौ लाख खसरे हैं, जिनमें सत्रह हजार को छोड़कर शेष सभी खसरों का पंजीयन समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए किसानों द्वारा कराया जा चुका है। सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराना अनिवार्य होने के कारण इस साल न केवल किसानों, बल्कि प्रशासन को लगातार इसके लिए प्रयास करना पड़ा है। शुरूआती दौर में इसमें कई बाधाएं आईं थीं, जिससे हजारों किसानों के पंजीयन हो ही नहीं पा रहे थे। इसके बाद प्रदेश स्तर पर इसका लगातार समाधान होता गया व पंजीयन का प्रतिशत भी बढ़ता गया। आज की स्थिति में 1 लाख 37 हजार किसानों का पंजीयन किया जा चुका है। सत्रह हजार खसरे अब भी पंजीयन से छूटे हैं, जिसके लिए प्रशासन का प्रयास जारी है।





अब भी पतासाजी में लगा है प्रशासन

### बोनी हुई ही नहीं होगी

प्रशासन द्वारा गुम सत्रह हजार खसरों के संबंध में यह माना जा रहा है कि ऐसा संभव है कि इन खसरों पर धान की बोनी ही न की गई हो। इनमें से कुछ पड़ती जमीन एवं कुछ खलिहान भी हो सकते हैं, जो कृषि के अलावा अन्य कार्यों के लिए उपयोग में लाए जाते होंगे। हालांकि धान खरीदी की अवधि तक प्रशासन की जमीनी स्तर की टीम इसकी पतासाजी करती रहेगी।

### गुम खसरों की पतासाजी की जा रही

अब केवल सत्रह हजार खसरे शेष रह गए हैं, जिनका पंजीयन नहीं किया जा सका है। बीते दिनों यह आंकड़ा 39 हजार का था। प्रदेश में इस मामले में जिला काफी अच्छी स्थिति में है। जमीनी स्तर पर टीम अब भी गुम खसरों की पतासाजी कर ही रही है।

- अमृत कुजूर
खाद्य नियंत्रक

हाईकोर्ट ने शासन से जवाब मांगा

## ग्राम ढेका में फर्जी हस्ताक्षर कर 40 लाख का आहरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



- अगली सुनवाई 19 फरवरी 2026 को निर्धारित की गई है

हाईकोर्ट ने ग्राम पंचायत ढेका में हुए लाखों के घोटाले के मामले में सुनवाई करते हुए शासन के सचिव पंचायत से एक शपथपत्र मंगवाया है। इसमें यह बताना होगा कि इस घोटाले के दौरान वहां पदस्थ रहे अधिकारियों ने कोई कार्रवाई क्यों नहीं की। अगली सुनवाई 19 फरवरी 2026 को निर्धारित की गई है।

जिले की ग्राम पंचायत ढेका में सचिन कौशिक ग्राम पंचायत सचिव पदस्थ है। कई माह पूर्व पंचायत में आने वाली एक बड़ी राशि बिना सचिन की जानकारी के बेंक से आहरित कर ली गई। इसका मैसेज सचिन के मोबाइल पर आने लगा तो उसने बैंक से सम्पर्क किया। जानकारी मिली कि करीब 40 लाख रुपए निकाले जा चुके हैं। यह भी सामने आया कि तात्कालीन सरपंच ने ग्राम सचिव के फर्जी हस्ताक्षर करके यह सब किया था। इसके लिए उसने एक अधिकारी से मिलीभगत कर सचिन के डिजिटल हस्ताक्षर को बदल दिया और उसकी जगह खाते के साथ अपना मोबाइल नम्बर दर्ज करवा दिया था। इन सबकी शिकायत सचिन ने पुलिस थाने और जिला पंचायत में भी की। विभाग ने इस पर कार्रवाई करते हुए प्रथम दृष्टया ग्राम सचिव की ही लापरवाही मानकर उसे और एक अन्य आरोपी को सस्पेंड कर दिया। इस बीच कोई जांच भी नहीं कराई गई, न चार्जशीट दी गई। सचिन ने एडवोकेट रमेश नायक के माध्यम से हाईकोर्ट में रिट पिटीशन दाखिल कर स्वयं को बहाल करने के साथ ही दोनों शिकायतों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। मामले की सुनवाई के बाद जस्टिस एन के व्यास ने सचिव पंचायत राज्य शासन से शपथपत्र पर जवाब मांगा है।

डोर टू डोर सत्यापन पश्चात जिले में 13 लाख 12 हजार 223 मतदाता

## एसआईआर: 6 विधानसभाओं में कटे 3 लाख 63 हजार 547 वोटरों के नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण एसआईआर तहत डोर टू डोर मतदाताओं के सत्यापन के पश्चात जिले के 6 विधानसभा क्षेत्रों में 3 लाख 63 हजार 547 मतदाताओं के नाम कटे हैं। इनमें मृत्यु वाले, शिफ्टिंग या गणना फार्म जमा नहीं होने आदि कारणों से मतदाताओं के नाम कटे हैं। मंगलवार को एसआईआर अंतर्गत मतदाता सूची प्रारुप का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया, जिसमें 6 विधानसभाओं में कुल 13 लाख 12 हजार 223 मतदाताओं का नाम शामिल हैं।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर एसआईआर तहत 4 नवंबर से बीएलओ द्वारा डोर टू डोर मतदाताओं का सत्यापन कार्य शुरू किया गया था। बीएलओ द्वारा प्रत्येक मतदाताओं के घरों-घर गणना फार्म वितरण किया गया, उसके बाद भरे हुए गणना फार्म को जमा कराया गया। इस बीच निर्वाचन आयोग की ओर से दो बार गणना फार्म जमा करने की तिथि बढ़ाई गई, जिसमें अंतिम तिथि 11 दिसंबर तक और बाद में 18 दिसंबर आखिरी तिथि निर्धारित की गई थी। सभी गणना फार्म के डिजिटाईजेशन के बाद आज सभी विधानसभा क्षेत्रों में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में मतदाता सूची के प्रारुप का प्रारंभिक प्रकाशन कर दिया गया है।

इसमें जिले अंतर्गत बिलासपुर, बिल्हा, बेलतरा, तखतपुर, मस्तूरी व कोटा सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों में 13 लाख 12 हजार 223 मतदाताओं के नाम शामिल हैं। वहीं एसआईआर दौरान इन 6 विधानसभाओं के 3 लाख 63 हजार 547 मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। इनमें जो मतदाता अब इस दुनिया में नहीं है उनकी मृत्यु हो चुकी है या फिर वे कहीं शिफ्ट कर गए एवं जिन लोगों का गणना फार्म प्राप्त नहीं हुआ है ऐसे लोगों के नाम हैं। जिले में एसआईआर अभियान शुरू हुआ उस समय इन सभी विधानसभाओं को मिलाकर कुल मतदाताओं की संख्या 16 लाख 75 हजार 770 थी।





मतदाता सूची प्रारुप का हुआ प्रारंभिक प्रकाशन

### 71 हजार 786 की मौत 1 लाख से अधिक अपसेंट

अभी तक मतदाता सूची में ऐसे भी मतदाताओं के नाम भी शामिल थे जिनकी मृत्यु हो चुकी है और अब वे इस दुनिया में नहीं है। एसआईआर तहत बीएलओ जब डोर टू डोर सत्यापन किए एवं गणना फार्म भराए जाने के बाद जिले के 6 विधानसभा क्षेत्रों में 71 हजार 786 मतदाताओं की मृत्यु की जानकारी सामने आई है। इसलिए एसआईआर तहत मतदाता सूची से उन मृतकों के नाम काटे गए हैं। इसी तरह इन विधानसभाओं में एसआईआर अंतर्गत 1 लाख 5 हजार 535 मतदाता अनुपस्थित पाए गए हैं। वे मतदाता अपने निवास वाले जगह को छोड़कर चले गए हैं शिफ्ट हो गए हैं या उनका कोई अतापता नहीं है।

### किस-किस विधानसभा में कितने वोटर हुए कम

| विधानसभा | पहले वोटर | अब वोटर | घटे वोटर |
|---|---|---|---|
| कोटा | 231726 | 195297 | 36429 |
| तखतपुर | 265767 | 218516 | 47251 |
| बिल्हा | 330778 | 264705 | 66073 |
| बिलासपुर | 260742 | 168006 | 92736 |
| बेलतरा | 262644 | 198380 | 64264 |
| मस्तूरी | 324113 | 267319 | 56794 |

### डेढ़ माह तक चला अभियान

एसआईआर तहत डोर टू डोर मतदाताओं के सत्यापन और गणना फार्म भराने का काम करीब डेढ़ महिना तक चला। जिले में 1815 बूथों के हिसाब से उतने ही बीएलओ बनाए गए थे। एसआईआर अभियान में कुल 3800 अधिकारियों-कर्मचारियों का अमला लगाया गया था। मतदाताओं के सत्यापन गणना फार्म भराने का काम पूरा होने और मतदाता सूची प्रारुप का प्रारंभिक प्रकाशन के बाद प्रशासन के अमला ने राहत की सांस ली है।


आप दीर्घायु हों
बड़े भाई निक्कू भण्डारी जी
को जन्मदिन की अशेष शुभकामनाएं
J.J.Ad

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, बुधवार 24 दिसंबर 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




## कार्यशाला

### चार्टर्ड अकाउंटेंट्स मध्य भारत की 2 दिवसीय संगोष्ठी दृष्टि आज व कल

■ 7 राज्यो के 700 चार्टर्ड एकाउंटेंट्स होंगे शामिल

**बिलासपुर।** आईसीएआई की शाखा द्वारा 2 दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन रायपुर, भिलाई एवं रायगढ़ के संयक्त तत्वाधान में किया जा रहा है, जिसमें छतीसगढ़,मध्यप्रदेश,उत्तर प्रदेश, राजस्थान, झारखंड, बिहार एवं उत्तराखंड के सदस्य उपस्थित रहेंगे। प्रथम दिन आईसीएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष चरणजोत सिंह नंदा, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू एवं आईसीएआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सीए प्रसन्ना कुमार डी, एसईसीएल वित्त निदेशक डारला सुनील कुमार आयोजन का शुभारंभ करेंगे। आईसीएआई मध्य भारत की क्षेत्रीय इकाई के अध्यक्ष सीए अंकुर गुप्ता, उपाध्यक्ष सीए दिनेश अग्रवाल एवं क्षेत्रीय इकाई के सभी चयनित प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। जोधपुर से आए सीए अर्पित हलदिया, इंदौर से आए सीए मनोज फड़नीस एवं कोलकाता के सीए विवेक अग्रवाल प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष कर, अंतरराष्ट्रीय लेखांकन सिद्धांतों एवं उनमे आए परिवर्तन पर वक्तव्य देंगे। दूसरे दिन में अंकेक्षण के सिद्धांतों पर जयपुर से सीए श्याम लाल अग्रवाल, ट्रस्ट के जटिल प्रावधानों पर नागपुर के सीए नरेश जाखोटिया एवं आयकर सर्वे के प्रावधानों पर दिल्ली से आए सीए कपिल गोयल अपने विचार रखेंगे। शाखा के अध्यक्ष सीए मनीष साखुजा ने बताया कि प्रोफेशनल विकास के लिए इस तरह के कार्यक्रम समय समय पर आवश्यक है।

## आयोजन

### एसआर म्यूजिकल ग्रुप ने आयोजित किया संगीत कार्यक्रम



**बिलासपुर।** एस आर म्यूजिकल ग्रुप के संरक्षक नरेंद्र सिंह चंदेल के कुशल नेतृत्व में डायरेक्टर डॉ रीता तिवारी, श्रवण कुमार यादव के अथक प्रयास एवं बबलू शर्मा के बेहतरीन मंच संचालन से ग्रुप का शानदार भव्य संगीतमय कार्यक्रम हॉटल सैफरॉन में संपन्न हुआ। जिसमें रायपुर,कोरबा, जांजगीर, और बिलासपुर के गायक, गायिका कलाकारों ने अपनी सुमधुर स्वर से अपनी हिंदी,छत्तीगढ़ी गीतों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के उद्घोषक बबलू शर्मा ने मिमिक्री और दमदार मंच संचालन क्षमता से दर्शकों को हंसाते रहे। सभी ने एस आर म्यूजिकल ग्रुप के संगीत आयोजन से सभी संगीत प्रेमियों का मन में अग्रिम संगीत के आयोजन की जिज्ञासा देखने को मिली। आयोजक मंडल श्रवण यादव,नरेन्द्र चंदेल डॉ रीता तिवारी द्वारा मोमेंटो देकर सभी संगीत प्रेमियों को सम्मानित किया गया।

## कार्यक्रम

### गौरवशाली रहा जनजाति समाज का इतिहास : रूप सिंह



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद वीर नारायण सिंह की 168 वीं पुण्यतिथि पर आदिवासी बालक छात्रावास जरहाभाठा में रूप सिंह मंडावी अध्यक्ष छग. राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के मुख्य आतिथ्य में शहादत दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता तुलेश्वर मरकाम ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन कर किया गया। मुख्य अतिथि श्री मंडावी ने कहा कि जनजाति समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। उन्होंने अपने इतिहास को जानने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि नगर विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि आदिवासी समाज सच्चे अर्थों में जल, जंगल एवं जमीन की रक्षा करने वाले होते हैं। उन्होंने छात्रावास के लिए आधुनिक पुस्तकालय, छात्रावास परिसर में नए पत्थर व सौंदर्यीकरण का आश्वासन दिया।

## धर्म-क्षेत्र

### झूलेलाल वेलफेयर सोसाइटी ने किया कन्याओं का पूजन



**बिलासपुर।** श्री झूलेलाल वेलफेयर सोसाइटी बिलासपुर ने चंद्र दिवस पर सेवा सदन श्री मोटूमल भीमनानी सिंधी धर्मशाला में भगवान झूलेलाल की पूजा-अर्चना कर आरती की। साथ ही समाज के बुजुर्गों का सम्मान कर कन्याओं का पूजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान झूलेलाल की मूर्ति पर माला पहना, आरती कर किया गया। पूज्य बहराणा साहब की अखंड ज्योत प्रज्जवलित कर दोपहर में आम भंडारा का आयोजन किया गया। शाम को कुंवारी कन्याओं का पूजन कर तिलक लगाया गया। आरती उतार कर उपहार भेंट किया गया। वहीं 17 सिंधी वार्ड पंचायतों की वरिष्ठ माताओं एवं ईश्वर तुल्य बुजुर्गों का सम्मान किया गया। डॉ टेकचंदानी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि हमें भी आशीर्वाद की आवश्यकता है कि हम अपने बुढ़ापे में जीवन कुशलता पूर्वक और समाज की सेवा करते हुए बिताएं।

# युवा ही प्रदेश और देश के भविष्य : सीएम साय

**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य युवा महोत्सव का बहतराई स्टेडियम में भव्य शुभारंभ किया। उन्होंने रिमोट का बटन दबाकर खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स छत्तीसगढ़ 2026 का भी शुभारंभ किया।**



**छत्तीसगढ़ राज्य युवा महोत्सव का शुभारंभ**

- राज्य सरकार युवाओं को शिक्षा, रोजगार और खेल सहित हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध
- खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स छत्तीसगढ़ 2026 की लॉन्चिंग
- मुख्यमंत्री ने की मलखंब खिलाड़ियों को 1 लाख रुपए प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि युवा ही देश और प्रदेश का भविष्य है। राज्य युवा महोत्सव युवाओं की प्रतिभाओं को पहचान देने और उन्हें राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री द्वय अरुण साव एवं विजय शर्मा, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, विधायक अमर अग्रवाल, धर्मजीत सिंह, धरमलाल कौशिक, सुशांत शुक्ला, अनुज शर्मा, महापौर पूजा विधानी, क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पांडे मौजूद थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को शिक्षा, रोजगार और खेल सहित हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस महोत्सव में प्रदेश भर से 3 हजार से अधिक युवा भाग ले रहे हैं, जो 14 सांस्कृतिक एवं साहित्यिक विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। इनमें 8 दलीय एवं 6 एकल विधाएं शामिल हैं। लोकनृत्य, लोकगीत, वाद-विवाद, चित्रकला एवं कविता लेखन की विजेता प्रतिभाएं नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा उत्सव-2026 में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी। उन्होंने बताया कि बस्तर ओलंपिक में 1 लाख 65 हजार से अधिक युवाओं की भागीदारी यह दर्शाती है कि प्रदेश नक्सलवाद से मुक्त होकर शांति, विकास और सकारात्मक बदलाव की दिशा में आगे बढ़ रहा है। जनजातीय क्षेत्रों में खेल की अपार संभावनाएं हैं और प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें आगे बढ़ाया जा रहा है।





### युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति : तोखन

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं और उनकी सृजनशील सोच से ही देश आगे बढ़ता है। केंद्र और राज्य सरकार युवाओं के भविष्य को संवारने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। यह युवा महोत्सव प्रदेश भर के युवाओं की प्रतिभा को निखारने का सशक्त मंच है।

### छत्तीसगढ़ के युवाओं में अपार प्रतिभा और क्षमता : साव

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि बिलासपुर में राज्य युवा महोत्सव और खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का आयोजन ऐतिहासिक अवसर है। छत्तीसगढ़ के युवाओं में अपार प्रतिभा और क्षमता है, जिन्हें आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में प्रदेश के विभिन्न जिलों से 3 हजार से अधिक युवा भाग ले रहे हैं, जो छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विविधता और युवा शक्ति का जीवंत उदाहरण है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि वर्ष 2025 में ऐतिहासिक बस्तर ओलंपिक का आयोजन हुआ, जिसमें युवाओं की अभूतपूर्व भागीदारी देखने को मिली। आने वाले समय में सरगुजा अंचल में भी ओलंपिक का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला स्तर से लेकर राज्य स्तर तक प्रतियोगिताओं का आयोजन कर युवाओं और खिलाड़ियों को निरंतर प्रोत्साहन एवं राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।

### युवा राष्ट्रीय मंच पर प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे : शर्मा

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि बस्तर बदल रहा है और जनजातीय अंचलों के युवा आज राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने इस गरिमामय आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में स्वागत भाषण युवा एवं कल्याण विभाग की संचालक श्रीमती तनुजा सलाम ने दिया। कार्यक्रम में संभाग आयुक्त श्री सुनील जैन, आईजी श्री संजीव शुक्ला, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, एसएसपी श्री रजनेश सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स छत्तीसगढ़ 2026' का शुभारंभ

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने रिमोट का बटन दबाकर 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स छत्तीसगढ़ 2026' का शुभारंभ किया। साथ ही खेलों के शुभंकर 'मोर वीर', थीम सॉन्ग एवं खेलो इंडिया टॉर्च का अनावरण किया गया। महिला कबड्डी खिलाड़ी संजू देवी एवं एथलेटिक अमित कुमार द्वारा टॉर्च का अनावरण किया गया, जो खेलों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की विविध संस्कृतियों को जोड़ते हुए "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" की भावना को सशक्त करता है। मुख्यमंत्री ने खेल अलंकरण समारोह को पुनः प्रारंभ करने, खेलो इंडिया में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान करने, मलखंब खिलाड़ियों को 1 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि देने तथा अमेरिका गॉट टैलेंट में चयनित मलखंब खिलाड़ी अनतई पोटाई के अमेरिका आने-जाने का सम्पूर्ण व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन करने की घोषणा की।

# प्रभु की भक्ति पाने काम, क्रोध, लोभ, मोह का करना होगा त्याग : दिव्यकांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**हनुमान चालीसा अर्थ व प्रेरणा पर केंद्रित चित्रों की लगाई गई प्रदर्शनी**







संस्कार भारती जिला इकाई बिलासपुर, साई माउली परिवार एवं हनुमान महापाठ समिति बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में ई राघवेंद्र राव सभा भवन में हनुमान चालीसा अर्थ एवं प्रेरणा पर केंद्रित 45 चित्रों की भव्य प्रदर्शनी लगाई गई है। इसका उद्घाटन महंत दिव्यकांत दास महाराज मंडलेश्वर छत्तीसगढ़ ने किया और कहा कि प्रभु की भक्ति पाने काम, क्रोध, लोभ, मोह को त्यागकर आगे बढ़ना होगा।

कार्यक्रम की शुरुआत में तेजस्विनी छात्रावास की स्वयंसेविकाओं ने ढोल नगाड़ों की ध्वनि के साथ अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें मंच तक लाया। अतिथियों ने हनुमान महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन किया। अतिथियों के स्वागत पश्चात प्रस्तावना एवं भूमिका साधना गर्दे भोपाल व दिलीप दिवाकर पात्रीकर ने दिया। अतिथि अभय कुमार गुप्ता चीफ ऑपरेशन ऑफिसर ओपोलो हॉस्पिटल ने कहा कि जिस प्रकार हनुमानजी राम भक्ति में लीन होकर कार्य करते थे, उसी तरह हमें भी एक उद्देश्य लेकर पूरी तरह एकाग्रचित्त होकर कार्य करना चाहिए। महंत दिव्यकांत दास ने कहा कि यहां आयोजित चित्रकला प्रदर्शनी के प्रत्येक चित्र संदेशात्मक, अनुकरणीय और प्रेरणास्पद है। हमें इससे प्रेरणा लेकर आत्मसात करने की आवश्यकता है। तभी इस प्रदर्शनी की सार्थकता होगी। तेजस्विनी छात्रावास की स्वयंसेविकाओं ने हनुमान चालीसा की संगीतमयी सामूहिक प्रस्तुति दी। अंत में हनुमानजी की सामूहिक आरती की गई। कार्यक्रम का संचालन मुकेश श्रीवास्तव सह महामंत्री संस्कार भारती बिलासपुर एवं आभार प्रदर्शन गजानन वासुदेव फड़के ने किया।

### माता सीता ने दिया वरदान

प्रदर्शनी में एक अत्यंत शिक्षाप्रद चित्र में बताया गया है कि माता सीता ने अंजनी पुत्र हनुमान को दो वरदान दिए हैं। अष्ट सिद्धियां व 9 निधि हनुमानजी से ही प्राप्त होगी। इसमें नव निधि व अष्ट सिद्धियों के नाम है। वहीं हनुमान द्वारा सिद्धि विनायक गणेश सहित पांच देवताओं को नमन करने वाला चित्र एवं हनुमानजी का 12 नाम भी सभी को पसंद आ रहा है।

### प्रेरणादायी स्वास्तिक

प्रदर्शनी में स्वास्तिक को बेहतर ढंग से दर्शाया गया है। इसमें बताया गया है कि इसकी भुजाएं अंदर से बाहर की ओर आती है। इन चार भुजाओं में धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष चार पुरूषार्थ कहलाते हैं। इस पुरूषार्थ से ब्रम्ह की प्राप्ति होती है। इससे प्रभु का सामित्व, सालोक्य, सारूपा, सायोज्य मिलता है। इसकी प्राप्ति प्रेम, समर्पण, श्रद्धा, विश्वास से होती है। इन सबसे मिलकर हमारी संस्कृति व सारगर्भित स्वास्तिक बनता है। यह सभी सुख भगवान हनुमान के शरण में जाने से मिलता है। हनुमानजी हमारे सुरक्षा के प्रतीक व हमारा सैन्य बल है।

### इनकी रही उपस्थिति

आयोजन में अनिल जोशी, हेमंत महुलीकर, शिरीष पागे, कौस्तुभी पालेकर, विश्वनाथ कश्यप, राजेश सोनार, बलराम पांडेय, रविन्द्र सोनी, राजन पथे, मनोज भंडारी, अजय, मोहन देवपुजारी, बाल मुकुंद श्रीवास, प्रबोध राव, सचिन, सरस्वती सोनी, देवी चंद्राकर, शैलेन्द्र तिवारी, आशा चंद्राकर, कल्पना कायरकर, रूपाली काले सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

**फाउंडेशन क्रिकेट खेल मैदान में सात दिनों तक 32 समाजों की टीम करेंगी प्रदर्शन**

# स्व. शेख गफ्फार स्मृति क्रिकेट: सुदर्शन और गुजराती समाज की शानदार जीत

**स्पोटर्स न्यूज**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में सोसाइटी प्रीमियर लीग फ्लड लाइट प्रतियोगिता का मंगलवार को शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर गुरमीत सिंह भाटिया, पूर्व महापौर रामशरण यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान, कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री अर्जुन तिवारी, राजेंद्र शुक्ला, महेश दुबे,वी रामाराव, रविंद्र सिंह ठाकुर,तैयब हुसैन, हेमंत जीवनानी,समीर अहमद, राजा अवस्थी ने स्व. शेख गफ्फार की फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित कर विधिवत क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

अतिथियों ने कहा कि स्व. शेख गफ्फार सभी समाजों के बीच लोकप्रिय थे। विकास पुरुष के रूप में जाने जाते थे। आज का उद्घाटन मैच सुदर्शन समाज ने जीता और दूसरा मैच गुजराती समाज ने । कार्यक्रम के अतिथि पूर्व महापौर रामशरण यादव ने कहा कि स्व शेख गफ्फार की स्मृति में आज भाटिया परिवार द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। स्व शेख गफ्फार बिलासपुर के विकास पुरुष के रूप में जाने जाते हैं। उनकी स्मृति में फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी द्वारा 6 वर्षों से क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। उनकी याद भी ताजा रहे और उनकी स्मृति में यही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उद्घाटन अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान ने स्व. गफ्फार को श्रद्धांजलि देते हुए सोसाइटी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता की तारीफ की। महेश दुबे, रविंद्र सिंह ठाकुर ने भी इस आयोजन की प्रशंसा की और स्व. गफ्फार के योगदान को याद किया।

**सोसाइटी प्रीमियर लीग फ्लड लाइट क्रिकेट स्पर्धा**



### चेयरमैन प्रिंस भाटिया ने जताया आभार

प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया ने कहा कि गफ्फार भाई हमारे परिवार के सदस्य रहे हैं। उनकी स्मृति में 6 वर्षों से 32 समाजों के खिलाड़ियों को खेल मैदान का एक बड़ा मंच देने के लिए और आपसी सहयोग परस्पर बना रहे। इसके लिए फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी द्वारा यह प्रतियोगिता कराई जा रही है। 2019 में सोसाइटी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू की गई। उस समय कोई भी समाज आगे नहीं आया था, अब गफ्फार भाई स्मृति में आयोजित सोसायटी प्रीमियर लीग में शामिल होने के लिए सभी समाज के युवा खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता का इंतजार रहता है। सभी अतिथियों के प्रति आभार जताते हुए सभी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

**ये रहे अतिथि**-आज के दूसरे मैच में नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप, राजेंद्र साहू, बंटी खान, रामपुरी गोस्वामी,आसिफ खान, शाहरुख खान, रामा बघेल, तैयब हुसैन, मोती गंगवानी, राजेश जायसवाल, ब्रह्मदेव ठाकुर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा उनका उत्साह बढ़ाया। आज के मैच में अंपायर की भूमिका टीपू तथा शाहबाज ने निभाई। मैच का आंखों देखा हाल कृष्णा तिवारी तथा राशिद खान ,अलीम ख़ान ने बताया। स्कोरर के रूप में मोइन खान तथा डेल थे।

### कुणाल और यश 'मैन आफ द मैच'

आज के पहले मैच में सुदर्शन समाज ने टॉस जीता और क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। तेली समाज की टीम में निर्धारित 7 ओवरों में 85 रन बनाएं और सुदर्शन समाज को 86 रन का लक्ष्य दिया । सुदर्शन समाज के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सातवें ओवर के एक गेंद पहले ही इस लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर लिया। और सुदर्शन समाज की टीम ने उद्घाटन में जीतकर अगले चक्र में प्रवेश कर लिया है। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सुदर्शन समाज के कुणाल को प्रदान किया गया। दूसरा मैच गुजराती समाज और सतनामी समाज के बीच खेला गया। गुजराती समाज ने क्षेत्र रक्षण का फैसला लिया । सतनामी समाज की टीम ने निर्धारित सात ओवर में 106 रन बनाए। गुजराती समाज ने 107 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सिर्फ पांच ओवर में ही 107 रन का लक्ष्य पूरा कर लिया। गुजराती समाज ने यह मैच जीत कर अगले चक्र में प्रवेश कर लिया है। यश को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। सतनामी समाज के करण कुर्रे ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 55 रन बनाएं जिसमें 8 छक्के और एक चौका शामिल है। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के द्वारा खिलाड़ी करण कुर्रे को 1100 का नकद पुरस्कार दिया गया। तीसरा मैच यादव समाज और मराठा समाज की टीम के बीच खेला गया। चौथा मैच सोनी और वस्त्रकार समाज की टीम खेला गया। पांचवा मैच प्रजापति और सोनकर समाज के बीच खेला जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### 27 को श्रीसदन में हिंदू महासंगम

**तखतपुर।** धर्म और संस्कृति के महा संगम हिंदू महासंगम का आयोजन 27 दिसम्बर को दोपहर 1 बजे से श्रीसदन तखतपुर में किया जा रहा है। यह जानकारी हिंदू जागरण समिति के अनिरूद्ध द्विवेदी, विवेक पांडेय ने दी है।

### पंचायत ने बीएलओ गनेशा को किया सम्मानित

**तखतपुर।** ग्राम पंचायत तेलियापुरान में एसआईआर में बहुत अच्छा कार्य करने वाली बीएलओ गनेशा साहू को पंचायत द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरपंच छोटू नवरंग ने कहा कि देश में मतदाता सूची का अवलोकन किया जा रहा है इसमें पंचायत स्तर पर बीएलओं को जो जवाबदारी दी गई है उसमें तेलियापुरान पंचायत की बीएलओं गनेशा साहू ने घर घर पहुंचकर अच्छा कार्य किया है इसके लिए पंचायत उन्हें सम्मानित कर रही है। इस अवसर पर सचिव अशोक साहू, सुरेश कश्यप, शालिनी पाण्डेय, अन्नू दुबे, बाला राम साहू, मोहन ठाकुर उपस्थित रहे।

## धरमलाल की अनुशंसा पर बिल्हा विस को मिली 193 लाख की सौगात

# हर गांव में दिखेगी विकास की नई पहचान: कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने क्षेत्रीय आवश्यकताओं एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के अंतर्गत 21 विकास निर्माण कार्यों को स्वीकृति दी है। जिसकी लागत 193.40 लाख रुपए है।

- मुख्यमंत्री ने विभिन्न ग्राम पंचायतों में 21 विकास कार्यों को दी स्वीकृति



हितग्राहियों को आवास योजना के तहत चाबी भेंट करते विधायक धरमलाल कौशिक।

इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत धुठिया में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 7 लाख रुपए, महामाया के पास, ग्राम पंचायत पत्थरगढ़ी में समुदायिक भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख रुपए, ग्राम पंचायत पेटूलकांपा में मुख्य मार्ग से पिलाराम के घर की ओर सीसी रोड निर्माण हेतु 10.40 लाख रुपए, ग्राम पुटपुरा ग्राम पंचायत पथरगढ़ी में मेन रोड गोठान के सामने से मुक्ति धाम होते हुये सीसी रोड निर्माण हेतु 6 लाख रुपए, ग्राम पंचायत कर्राकोना, में स्कूल के पास से फिरन्ता निषाद के घर तक सीसी रोड निर्माण हेतु 10 लाख रुपए ग्राम पंचायत पिपरलोड में सोसायटी परिसर से गौठान तक सीसी रोड निर्माण हेतु 10 लाख ग्राम पोडी, ग्राम सेन्दरी में जनक राम साहू के घर से राधे साहू के घर तक सीसी रोड निर्माण हेतु 10 लाख रुपए, ग्राम पंचायत खंजरी में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 20 लाख रुपए, ग्राम पंचायत सोढ़ी म. में मोतीलाल के घर से डोमनदास के घर की ओर सीसी रोड निर्माण हेतु 7 लाख रुपए, ग्राम पंचायत जुनवानी में समुदायिक शेड निर्माण हेतु 4 लाख रुपए, ग्राम पंचायत भठली में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 5 लाख रुपए,ग्राम तुमाढ़ेठा ग्राम पंचायत झुलनाकला में धरमपाल के घर से मुंशी कैवट के घर तक सीसी रोड निर्माण हेतु 10 लाख रुपए ग्राम पंचायत छिन्दभोग में अम्बेडकर चौक से मंदराम के घर तक सीसी रोड निर्माण हेतु 5 लाख रुपए, महामाया मंदिर के पास, ग्राम पंचायत खैरा में समुदायिक भवन निर्माण हेतु 5 लाख रुपए, ग्राम पंचायत चांदली समुदायिक भवन निर्माण हेतु 7.50 लाख रुपए, ग्राम पंचायत कलारजेवरा में मोहित के घर से शिवकांति के घर की और सीसी रोड निर्माण हेतु 5 लाख रुपए शामिल है। बिल्हा विधानसभा बिल्हा जिला बिलासपुर अंतर्गत आने वाले काली मंदिर के पास, ग्राम पंचायत सेंवार सामुदायिक शेड निर्माण, में 10 लाख रुपए, पटेल मोहल्ला में, ग्राम पंचायत करहीपार समुदायिक भवन निर्माण हेतु 10 लाख रुपए, ग्राम पंचायत पौड़ी ह में सोहन पाटले के घर से बाँधा तक सीसी रोड़ निर्माण हेतु 10 लाख रुपए कार्य, कलुवा बाबा मंदिर प्रांगण में, ग्राम पंचायत नगरौडी में समुदायिक भवन निर्माण हेतु 25 लाख रुपए कार्य शामिल है।

### प्रदेश का हो रहा चौमुखी विकास

श्री कौशिक ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताते हुए कहा कि इन कार्यों की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा लगातार की जा रही थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में चौमुखी विकास कार्य तेज गति से हो रहे हैं। लोगों की मूलभूत सुविधा देने की हमारी सरकार की जो योजना है, उस पर पहल करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में लगातार क्षेत्र का विकास हो रहा है। उन्होंने कहा विकास निरंतर जारी रहेगा शहर विकास के लिए राशि की कमी नहीं होगी, लोगों को मूलभूत सुविधा देना हमारी सरकार का दायित्व है जिसे हम लगातार निर्वहन कर रहे हैं। राशि स्वीकृत होने पर शहर विकास में तेज गति से निर्माण कार्य होंगे। विकास अनवरत जारी रहेगा शहर विकास में किसी भी प्रकार की राशि की कमी नहीं होगी। विकास से जुड़े कार्य निरंतर होते रहेंगे। बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के साथ पूरे प्रदेश में विकास हो इस दिशा में महत्वपूर्ण कार्य हो रहे हैं और लगातार प्रदेश की तस्वीर बदल रही है। उन्होंने कहा समग्र विकास को समर्पित विष्णुदेव साय की सरकार अपने संकल्प को पूर्ण करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

## मोबाइल एप से उपस्थिति का व्याख्याता संघ ने किया विरोध

**तखतपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग के विद्या समीक्षा केंद्र मोबाइल एप के माध्यम से शिक्षकों की उपस्थिति लेने के फैसले का छत्तीसगढ़ व्याख्याता संघ ने विरोध किया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शर्मा, प्रवक्ता जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि, विभाग की ओर से शिक्षकों के निजी मोबाइल पर शासकीय एप दबावपूर्वक डाउनलोड करवाया जा रहा है, इससे शिक्षकों के निजता का हनन होगा।

- निजता का हनन व साइबर अपराधों का खतरा

साथ ही यह शिक्षकों के निष्ठा पर भी सवाल उठाने जैसा है। वर्तमान में शिक्षकों के द्वारा दर्जन भर से ज्यादा मोबाइल एप जिसमें एमडीएम, निष्ठा, दीक्षा, टीबीसी, सीजी स्कूल, राज्य छात्रवृत्ति, इंस्पायर एवार्ड जादुई पिटारा, यू डाइज, दीक्षा अपार आईडी, दर्पण पोर्टल में शालाओ के भौतिक संसाधन का अपडेशन, स्कूल रेडिनेश, ऑनलाइन व ऑफलाइन मासिक चर्चा-पत्र पर कार्य, मध्यान्ह भोजन चावल मासिक, प्रतिदिन लाभान्वित विद्यार्थियों की ऑनलाइन एंट्री का कार्य सहित अन्य कार्यों के लिए एप डाउनलोड कराए गए हैं। इससे कई बार शिक्षक धोखाधड़ी के शिकार भी हुए हैं। वर्तमान में साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे के बीच निजी मोबाइल फोन में इस तरह के एप डाउनलोड कराना शिक्षकों की गोपनीयता के लिए गंभीर जोखिम पैदा करता है। संघ ने विरोध जताते हुए कहा कि, यदि सरकार ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था लागू करना चाहती है, तो शिक्षकों को सरकारी मोबाइल या टैबलेट उपलब्ध कराए या विद्यालय मे बायोमीट्रिक मशीन लगाई जाए। संघ ने कहा है, यदि सरकार ने वीएसके एप के जरिए ऑनलाइन अटेंडेंस के अव्यवहारिक आदेश को वापस नहीं लिया, तो इस निर्णय का विरोध राज्य स्तर पर समस्त शिक्षक संगठनों के साथ के साथ सामूहिक रूप से किया जाएगा।

### ढनढन में समूह साधना व गायत्री महायज्ञ 30 को

**तखतपुर।** गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से ब्लॉक तखतपुर के ग्राम ढनढन में 30 दिसम्बर को सुबह 8 से 11 बजे तक समूह साधना व गायत्री महायज्ञ एवं संध्या हनुमान मंदिर परिसर में शाम 4 बजे से 6 बजे तक दीप महायज्ञ होगा। नारायण प्रसाद पाली स्वयंसेवक गायत्री ने बताया कि, जन्म शताब्दी वर्ष अंतर्गत अखंड ज्योति, युग निर्माण योजना, प्रज्ञा अभियान, पत्रिका साहित्य विस्तार हेतु आयोजित किया गया है।


## निधन

### राजेश कुमार दुबे



**बिलासपुर।** ग्राम लखराम निवासी राजेश कुमार दुबे का 22 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 23 दिसंबर को लखराम मुक्तिधाम में किया गया। वे वे गरिमा दुबे, गौरव दुबे के पिता एवं पूर्णिमा दुबे के पति थे।

### जी काशी राव



**बिलासपुर।** रेलवे क्वार्टर नम्बर 1490/2, वायरलेस कालोनी निवास जी. काशीराव का 23 दिसंबर को निधन हो गया। वे 57 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 24 दिसंबर को सुबह 11 बजे रेलवे मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### हाजी अब्दुल हबीब



**बिलासपुर।** जूनी लाइन निवासी हाजी अब्दुल हबीब रिटायर्ड एलआईसी मैनजर का निधन हो गया। उन्हें 23 दिसंबर को तालापारा कब्रिस्तान में सुर्पेदेखाक किया गया।

### साधुराम डोडवानी




**बिलासपुर।** अज्ञेय नगर निवासी साधुराम डोडवानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 22 दिसंबर को भारतीय नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व: दाउमल डोडवानी के पुत्र थे।

### बालकृष्ण गुप्ता




**बिलासपुर।** रतनपुर निवासी सीपत वाले बालकृष्ण गुप्ता का 22 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 23 दिसंबर को सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे रूपेश गुप्ता के पिता एवं प्रीतेश, तुषार गुप्ता के दादा थे।

### लक्ष्मी देवी राजपूत



**बिलासपुर।** लोरमी झाफल निवासी लक्ष्मी देवी राजपूत का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 23 दिसंबर को उनके गृह ग्राम झाफल में किया गया। वे फत्ते सिंह राजपूत की पत्नी, छत्रपाल सिंह, योगेश सिंह, धर्मवीर सिंह, श्रीमती दुर्गेश राजपूत की माता थीं।

### कमलिया बाई कोरी



**बिलासपुर।** लोधीपारा सरकंडा निवासी कमलिया बाई कोरी का 23 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 24 दिसंबर की सुबह 11 बजे सरकंडा स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे राजकुमार कोरी, रामू कोरी की माता थीं।


### शांति चौरासिया



**बिलासपुर।** जूना बिलासपुर फजलबाडा निवासी शांति चौरासिया पति स्व,ओम नारायण चौरासिया का 23 दिसंबर को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार 24 दिसंबर को सुबह 11 दयालबंद मधुबन मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे बाबला चौरासिया का मां रिषी चौरासिया की दादी थीं।

## मस्तूरी विस को 15.44 करोड़ की 6 सड़कों की मंजूरी

**सीपत/मस्तूरी।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बैच-I, वर्ष 2025–26 में मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र को सड़क विकास की एक बड़ी और ऐतिहासिक सौगात मिली है। क्षेत्रीय विधायक दिलीप लहरिया के जनहितकारी प्रयासों के परिणामस्वरूप ग्रामीण अंचलों की बहुप्रतीक्षित मांग आज साकार हुई है।



मस्तूरी विधानसभा में कुल 6 ग्रामीण सड़कों को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिनकी कुल लंबाई 17.33 किलोमीटर तथा अनुमानित लागत 15.44 करोड़ रुपए है। ये सड़कें वर्षों से बदहाली का दंश झेल रहे ग्रामीण क्षेत्रों को पक्के मार्ग से जोड़ते हुए क्षेत्र के विकास को नई रफ्तार देंगी। इन सड़कों में बिटकुला से हरदुली लंबाई 3.70 किमी राशि 327.42 लाख, गतौरा जयरामनगर मेन रोड से अंबेडकर नगर लंबाई 3.40 किमी राशि 307.67 लाख, सुकुलकारी से बेल्हा लंबाई 3.73 किमी राशि 332.22 लाख, बैट्री स्कूल से भक्तिन मोहल्ला लंबाई 2.20 किमी राशि 188.67 लाख, बिनौरी डिपरीपारा नहर से हरदी लंबाई 1.70 किमी राशि 160.25 लाख, सोंठी से पिपरनार छिंदनार लंबाई 2.60 किमी राशि 227.91 लाख शामिल है। 15.44 करोड़ की लागत से 17.33 किमी के कुल 6 सड़कों का निर्माण होना है। विधायक दिलीप लहरिया ने कहा कि, यह स्वीकृति केवल मेरी नहीं, बल्कि मस्तूरी विधानसभा के हर ग्रामीण, हर कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि की जीत है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत, जनता की मांग और हमारे निरंतर प्रयासों का यह सकारात्मक परिणाम है।

### किरारी में माघ मेला 16 जनवरी से, तैयारियां प्रारंभ

**मस्तूरी।** समृद्ध ग्राम किरारी में एक सप्ताह तक चलने वाले मांघ मेले का आयोजन 16 जनवरी से किया जा रहा है। मांघ बड़ी तेरस के पावन अवसर पर वर्षों से लगने वाला मेला लटिया तालाब के मेढ़ पर स्थित प्राचीन भू-फोड़ महादेव श्री लटेश्वरनाथ में ब्रह्म मुहुर्त में श्रद्धालुओं के जलाभिषेक के पश्चात प्रारंभ होगा। नववर्ष शुरू होने के पश्चात छत्तीसगढ़ में पहले ऐतिहासिक मेले में भू-फोड़ महादेव लटेश्वरनाथ के दर्शन और जलाभिषेक करने के लिए छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से श्रद्घालु यहां पहुंचते हैं। संरक्षक ठाकुर तामेश सिंह ने बताया कि, यहां मेले का आयोजन गांव वालों की सहयोग से कराया जाता है। मेला स्थल पर सुव्यवस्थित ढंग से पंडाल लगाने के लिए राहुल सिंह के नेतृत्व में पूरी टीम मेला स्थल का साफ-सफाई में जुटी हुई है। जनपद उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने कहा कि, किरारी मेला प्राचीन काल से चली आ रही परंपरा का हिस्सा है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का पचरी निर्माण, स्वच्छता अभियान जोरों पर

**बिलासपुर।** अंचल के प्रतिष्ठित सीएम दुबे महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना का साथ दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 11 से 17 दिसंबर तक चल रहा है। शिविर में एनएसएस के स्वयंसेवक अनेक कार्य कर रहे हैं।

यह भारत सरकार युवा खेल मंत्रालय द्वारा संचालित है यह शिविर में नशा मुक्त समाज के लिए युवा पर कार्य चल रहा है साथ ही विधिक सेवा जागरूकता भी चलाया जा रहा है जिसमें हाईटेक बस के माध्यम से गांव-गांव जाकर बैगा आदिवासी समुदाय के बीच नशा मुक्ति घरेलू हिंसा लैंगिक समानता के विरुद्ध कार्यक्रम जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है यह कार्यक्रम राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ मिलकर विधिक जागरूकता का कार्यक्रम एनएसएस के नेतृत्व में कार्य को पूरा किया जा रहा है ।


स्वच्छता का कार्य करते रासेयो के स्वयंसेवक।

शिविर के चतुर्थ दिवस के उपरांत में व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र निर्माण के लिए युवा का परिचय देते हुए प्रो प्रवीण कौशिक सहायक प्राध्यापक शासकीय नवीन महाविद्याल सारागाव ज़िला जांजगीर चापा, केके बंजारे कृषि विस्तार अधिकारी, ई. दीपक महादेवा नगर निगम बिलासपुर, उपस्थित रहे। दीपक महदेवा ने बताया कि एनएसएस व्यक्तित्व के विकास एवं सामुदायिक भावना को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। केके बंजारे ने उन्नत कृषि मोटा अनाज के बारे में बताया। कार्यक्रम में भूपेंद्रजीत शतरंज प्रशिक्षण अधिकारी कौशल विकास एवं रोजगार प्रशिक्षण मस्तूरी ने युवाओं को प्रशिक्षित किया। महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ संजय दुबे का योगदान है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ केके शुक्ला, कार्यक्रम संयोजक रोहित लहरे के नेतृत्व में यह शिविर का आयोजन किया गया है। सहायक कार्यक्रम अधिकारी रामेश्वर पटेल, राजेश निराला, रोशन कंवर ने बताया कि गांव में जागरूकता अभियान को लेकर आसपास के 10 गांव में कार्य किया जा रहा है साथ ही विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के साथ मिलकर कार्य किया जा रहा है। ग्राम नेवसा सरपंच संगीता राज मरावी, वरिष्ठ नागरिक गिरधारी लाल, कुलदीप यादव का सहयोग गांव के विकास कार्यों के लिए मिल रहा है। इस मौके पर महिला कार्यक्रम अधिकारी, निकिता साहू, वंदना गोस्वामी एनएसएस के वरिष्ठ स्वयंसेवक, नारायण, रागिनी मानिकपुरी, चंचल घृतलहरे, लोकेश ओगरे, पुष्पराज मानिकपुरी, विमल मिश्रा, देवेंद्र यादव, उमेश, अनमोल आयुष, आर्यन, लिवेश, कुनाल,करुणा कश्यप, हिमानी, निशा आदि की संख्या में उपस्थित थे।

## बिनौरी में लगा विखं स्तरीय सुशासन शिविर

### आवास, स्वसहायता समूह सहित अन्य हितग्राही हुए लाभान्वित

**सकरी।** सुशासन का अर्थ केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। शासन का संकल्प है कि, आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान उनके द्वार पर हो। ऐसे शिविरों के माध्यम से प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित होता है।



उक्त बातें ग्राम बिनौरी में सुशासन सप्ताह के अवसर पर आयोजित विखं स्तरीय विशेष शिविर में बतौर मुख्य अतिथि तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कही। जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार ने कहा कि, सुशासन सप्ताह आमजन के हित में शासन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि, भाजपा सरकार जनहित में ये शिविर लगा रही है, जिससे ग्रामीण लाभान्वित हो रहे हैं। जिपं सभापति अंबिका साहू ने कहा कि, सुशासन सप्ताह प्रशासनिक संवेदनशीलता का प्रतीक है। कार्यक्रम को भाजपा नेता रामचरण वस्त्रकार, कृष्ण कुमार साहू, भाजपा नेता विशाल विक्की सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष द्वय नैनलाल साहू, दिनेश साहू, जनपद सदस्य जया जलेश्वर साहू, सरपंच कविता जगमोहन मरावी, मनोज तिवारी, खेलकुमार लहरे, रामकुमार कौशिक, प्रवीण कौशिक, दशरथ लाल पाण्डेय, देवा सिंगरौल, पूर्व पार्षद गुलजीत खुराना ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन एडीओ शशांक शर्मा एवं आभार प्रदर्शन सचिव धर्मेंद्र पटेल ने किया। इस अवसर पर महामंत्री शैलेन्द्र कौशिक, क्रांतिगिरी गोस्वामी, मनमोहन भारद्वाज, जाफर खान, जेडी मानिकपुरी, रामायण यादव, लक्ष्मण केवट, जागेश्वर केवट, संतोष पोर्ते, रघुराज मरावी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

मुख्यकार्यपालन अधिकारी तखतपुर सत्यव्रत तिवारी ने बताया कि, शिविर में 124 गांवों से प्राप्त 2 हजार 11 आवेदनों में से 1956 आवेदनों का निराकरण किया गया।

### टेमरी व अचानकमार में सुशासन शिविर

**मुंगेली।** ग्राम पंचायत टेमरी में आयोजित शिविर में 308 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 155 मामलों का त्वरित निराकरण किया गया, शेष प्रकरणों पर निर्धारित समय-सीमा में कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसी तरह अचानकमार में आमजनों की ओर से विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित 235 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका निराकरण किया जा रहा है। ग्राम पंचायत टेमरी में आयोजित शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल सिंह, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पुष्पलता पद्मनी मोहले, जनपद सदस्य पवन पाण्डेय, शक्ति सिंह, पूर्व जनपद सदस्य मानस प्रताप सिंह, कमलेश मिश्रा शामिल हुए। जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल सिंह ने आमजनों को शिविर का लाभ उठाने प्रेरित करते हुए कहा कि, शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं।

## समिति प्रभारी की कलेक्टर से शिकायत, अनियमितता का आरोप

**सकरी।** सेवा सहकारी समिति देवरीखुर्द के प्रभारी प्रबंधक पर निर्धारित वजन से अधिक धान तौल में लेने की शिकायत कृषकों ने कलेक्टर से करते हुए मामले में कारवाई की मांग की है।

कृषकों के अनुसार पूर्व में समिति प्रबंधक राममनोहर कौशिक द्वारा भी इसी तरीके किसानों से अधिक धान खरीदी की जा रही थी, जिसकी शिकायत पर कलेक्टर ने प्रबंधक के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की थी। देवरीखुर्द समिति के किसानों ने सहकारिता सीईओ कैलाश कश्यप पर आरोप लगाते हुए कहा है कि, उनके द्वारा निलंबित प्रभारी प्रबंधक से साठ-गांठ कर उन्हीं के इशारे पर समिति के चौकीदार और हमाल प्रमुख दुर्गा प्रसाद कौशिक को समिति का प्रभारी प्रबंधक बनाया गया है। साथ ही उनके द्वारा अपने परिचित किसानों को बारदाना उपलब्ध कराया जाता है, और बिना धान पलटी किए छल्ली लगवा दिया जाता है। वहीं वर्तमान प्रभारी प्रबंधक किसानों से 41 किलो 400 ग्राम से 41 किलो 700 ग्राम तक धान ले रहे हैं। जब किसानों ने इसकी शिकायत तहसीलदार तखतपुर से की तो प्रबंधक दोपहर 12 बजे तक खरीदी रोक दी एवं किसानों को डरा-धमका कर अपने स्वेच्छा से अधिक धान देने का पंचनामा बनवाया, जिसकी वीडियो फुटेज पास होने का दावा करते हुए कृषकों ने इसकी शिकायत कलेक्टर से करते हुए कारवाई की मांग की है।

### उच्चाधिकारियों को दी गई जानकारी

किसानों की शिकायत पर पूर्व प्रभारी प्रबंधक को हटाया गया था जिसके बाद गनियारी समिति से एक कर्मचारी को देवरी भेजा गया था, लेकिन वो कार्य नहीं कर पाया। धान खरीदी जैसे आवश्यक कार्य को सुचारू रूप से चलाने एवं तात्कालिक रूप से व्यवस्था बनाने के लिए उपलब्ध कर्मचारी को प्रभारी बनाया गया है, जिसकी जानकारी डीआर सर को भी दी गई है।

**- कैलाश कश्यप,**
सीईओ सहकारिता विभाग,

## उच्चभट्ठी में रासेयो का विशेष शिविर

**सीपत।** अय्यूब खान उमा विद्यालय मचखंडा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से ग्राम उच्चभट्ठी में 21 से 27 दिसंबर तक आयोजित होने वाले सात दिवसीय विशेष शिविर तक शुभारंभ उत्साह और जनसहभागिता के साथ किया गया। शिविर का उद्घाटन 21 दिसंबर को विधिवत पूजा-अर्चना एवं फीता काटकर किया गया।


फीता काटकर एनएसएस शिविर का उद्घाटन करते अतिथि।

उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम सरपंच नारायण साहू, विशिष्ट अतिथि पूर्व पंच प्रेमलाल सारथी एवं रामखिलावान यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शाला के संचालक इदरीश खान, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी जीआर पुलस्त सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। सरपंच नारायण साहू ने कहा कि, राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से जो संस्कार और सेवा की भावना विद्यार्थियों में विकसित हो रही है, वही भविष्य में गांव और समाज को मजबूत बनाएगी। कार्यक्रम अधिकारी जीआर पुलस्त ने कहा कि, राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल मंत्र 'मैं नहीं आप' है।

**आम सूचना**

मै, अपने पक्षकार श्री घनश्याम अग्रवाल पिता स्व. राम सुंदर अग्रवाल निवासी जोरापारा बिलासपुर से अधिकृत हो कर निम्न आशय का आम सूचना प्रकाशन करती हूँ कृपया अवगत होवें कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता गोपाल गुप्ता पिता श्याम लाल गुप्ता एवं संदीप गुप्ता पिता सुरेश गुप्ता दोनो निवासी सीपत रोड, सरकण्डा बिलासपुर, के स्वत्व एवं स्वामित्व की व्यपवर्तित भूमि जो कि प.ह.न. 20/32, मौजा सरकण्डा, रा.नि.म. व तह बिलासपुर जिला बिलासपुर मे स्थित है जिसका ख.नं. 440/7, रकबा 0.0124 हेक्टेयर (1341.97 वर्गफुट) है को क्रय करने का पक्का सौदा किया जा चुका है व निकट भविष्य मे पंजीयन कराया जावेगा। इस पंजीयन के संबंध मे जिस किसी व्यक्ति संस्था, बैंक, निकाय को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय मे उपस्थित हो कर मय दस्तावेज सहित 15 दिनो के भीतर अपना लिखित आपत्ति दर्ज करावें, समय सीमा व्यतीत होने पर की गई आपत्ति मान्य नही होगी।

सो सूचना जाने।

भवदीय
सविता पंजाबी अधिवक्ता
Near Pump House
Tiwari Chal
Bilaspur (C.G.)
Mo.- 09424150589

**न्यायालय कार्यपालिक दंडाधिकारी तखतपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /2025-26
ग्राम जरौंधा प.ह.नं.25

**// ईश्तहार //**

मणीशंकर पात्रे छ.ग.शासन
**बनाम**

एतद् द्वारा आवेदक मणीशंकर पात्रे पिता श्री चंद्रप्रकाश पात्रे जाति सतनामी निवासी ग्राम घुरू तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा अपनी परदादी स्व. तिलमत बाई की मृत्यु दिनांक 24/05/2010 को ग्राम जरौंधा में होने के कारण पूर्व में मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं कर पाया था जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त प्रकरण के संबंध में मेरे न्यायालय में दिनांक 05/01/2026 को दिन 10.30 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें अनुपस्थित रहने पर आप लोगों के विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

आज दिनांक 17/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी तखतपुर**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक/क/अति.तह./वा.20..
बिलासपुर, दिनांक 18.12.2025

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता जनता ग्राम मोपका प.ह.नं.29 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व बिलासपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका शहर बानो वगै. पिता / पति अकबर अली निवासी ग्राम बूढ़ापारा रायपुर तहसील रायपुर जिला रायपुर के द्वारा प.ह.नं. 29, मौजा मोपका स्थित भूमि ख.नं. 599, 600, 660, 1334/2, 1302 रकबा 1.74, 0.47, 0.08, 1.49, 0.12 एकड़/हे. भूमि को आवेदक द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू.-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत वसीयत नामांतरण/फौती नामांतरण /क्रय विक्रय /दानपत्र के आधार पर किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 07/01/2026 समय 11.00 बजे उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय प्रथम जिला न्यायाधीश (छ.ग.)**
**'समंस / नोटिस'**

राजेन्द्र सिंह ठाकुर..........................वादी
**// बनाम //**
देवजीत हालदार वगैरह प्रतिवादीगण

प्रोसेस नंबर - 918...
व्य. वाद क्र.: 59ए/2023
आदेश दिनांक : 10.12.2025
पेशी दिनांक 27.01.2026

प्रति,
1-देवजीत हालदार, उम्र 50 वर्ष, पिता ए. के. हलदार 2- विश्वजीत हालदार, उम्र 42 वर्ष पिता ए. के. हलदार दोनो निवासी - देवरीखुर्द, थाना तोरवा, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) 3- छ.ग. शासन, द्वारा जिलाध्यक्ष बिलासपुर (छ.ग.)

आप प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि वादी के द्वारा मौजा दोमुहानी, प.ह.नं. 39. रा.नि.मं., तहसील व जिला बिलासपुर स्थित वादभूमि खसरा नंबर 35/9 रकबा 0.29 एकड़ के संबंध में व्यवहार वाद क्र. 59ए/2023 पक्षकार राजेन्द्र सिंह ठाकुर विरूद्ध देवजीत हालदार वगैरह संविदा का विशिष्ट पालन हेतु प्रस्तुत किया गया है, जिसकी सुनवाई दिनांक 27.01.2026 को दिन 11.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये आप प्रतिवादीगण को समंन किया जाता है। आप प्रतिवादीगण स्वयं अथवा अपने किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिन्हे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और इस अपने प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें एवं अपने ऐसे सभी दस्तावेज जिन पर प्रतिरक्षा या मुजरा, ईफा दावा या प्रतिदावा आधारित हो, दाखिल करें।

आप प्रतिवादीगणों को सूचित किया जाता है कि यदि आप प्रतिवादीगण ऊपर बतायी गयी तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होते है तो उपरोक्त व्यवहार वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आप प्रतिवादीगण, की अनुपस्थिति में किया जायेगा।

आज दिनांक 17/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर से एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।
स्थान - बिलासपुर,
दिनांक - 17/12/2025

**(शैलेष कुमार केतारप)**
**प्रथम जिला न्यायाधीश**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**(सेन्ट्रल प्रोसेस फीस सेक्शन के उपयोग हेतु)**

**न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

मा.क. 61/अ-6 अ/2024-25,
ग्राम सैदा म.नं. 04, तहसील सकरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम सैदा, म.नं.04 प.ह.न.41 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शिल्पी केडिया पति श्री मुकेश अग्रवाल उम्र 50 साल, निवासी क्रांतिनगर, जैन मंदिर रोड, तह. व जिला बिलासपुर के द्वारा धारा 115 छ.ग.भू.रा. संहिता अंतर्गत अभिलेख दुरूस्ती बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है कि मौजा सैदा म.नं. 04 रा.नि.मं. अमसेना तहसील सकरी स्थित भूमि खसरा नम्बर 4/1 रकबा 0.6880 हे. तथा खसरा नम्बर 4/2 रकबा 0.5830 हे. भूमि में से रकबा 2357 वर्गमीटर अर्थात 0.58 एकड़/0.2357 हे. भूमि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा अधिग्रहण किया गया था। यह कि वाद भूमि खसरा नम्बर 4/1 रकबा 0.6880 हे. में से रकबा 0.2350 हे. भूमि कम कर के शेष भूमि खसरा नम्बर 4/1 में ही 0.4530 हे. भूमि आवेदिका के नाम से दर्ज किया गया है। यह कि खसरा नम्बर 4/2 रकबा 0.2350 हे. भूमि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के नाम दर्ज कर दिया गया है और पूर्व में आवेदिका के नाम से दर्ज खसरा नम्बर 4/2 रकबा 0.5830 हे. भूमि को ऑनलाईन रिकार्ड से विलोपित कर दिया गया है। जिसके संबंध में आवेदिका द्वारा दोनों खसरा नम्बर 4/1 एवं 4/2 में से 0.58 एकड़/2357 वर्गमीटर भूमि को विलोपित कर बचत भूमि खसरा नम्बर 4/1 तथा खसरा नम्बर 4/2 को ऑनलाईन राजस्व रिकार्ड में दर्ज किये जाने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तखतपुर के समक्ष आवेदन पेश किया गया है, जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 07/01/2026 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 22/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**सकरी**

## खबर संक्षेप

### साहित्यकार शुक्ला का निधन साहित्य क्षेत्र में देश एवं प्रदेश की अपूरणीय क्षति



**बिलासपुर।** साहित्यकार विनोद शुक्ला के निधन का समाचार प्राप्त होते ही बिलासपुर छत्तीसगढ़ एवं देश में शोक की लहर व्याप्त हो गई। कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने उनके निधन पर कहा कि प्रसिद्ध साहित्यकार ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित स्वर्गीय विनोद शुक्ला केवल छत्तीसगढ़ के धरोहर नहीं, बल्कि इस देश के साहित्य के धरोहर थे। उनका निधन देश के साहित्य में अपूरणीय क्षति है। मैं विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि उनको अपने श्री चरणों में जगह दे और हम सबको इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

### झेरिया यादव समाज के प्रदेश स्तरीय परिचय सम्मेलन में वरिष्ठों का सम्मान



**बिलासपुर।** छग झेरिया यादव समाज का प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं सह-सम्मान समारोह त्रिवेणी भवन सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया। सम्मेलन में 300 से अधिक विवाह योग्य युवक-युवतियों ने अपना परिचय दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव रहे। अध्यक्षता जगनीक यादव ने की। विशिष्ट अतिथि महापौर पूजा विधानी, भगत सिंह यादव, कवर्धा एसपी रामायण यादव, मनोज यादव एवं रामचरण यादव रहे। मुख्य अतिथि विधायक रामकुमार ने कहा कि समाज की उन्नति के लिए शिक्षा और एकजुटता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शिक्षित महिलाएं परिवार और समाज दोनों को सशक्त बना सकती हैं। विशिष्ट अतिथि महापौर पूजा विधानी, जगनीक यादव, प्रदेश संयुक्त सचिव मनोज यादव, चिरंजीव यादव ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ लोक कला मंच के कलाकार चंदन यादव एवं उनकी टीम ने मनमोहक लोकगीत, संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। समारोह में वरिष्ठ नागरिक गेंदूराम यादव को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अशोक यादव, दीपक यादव, ओंकार यादव, सुरेश यादव, गिरीश यादव, अनंत यादव, दिशा यादव, अमित, सनील, पिंटू चंद्रराम यादव व महिला विंग प्रदेश अध्यक्ष आशा यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष शारदा यादव, प्रदेश मंत्री सुनीता, संध्या, कविता, सुशीला, सरस्वती, गायत्री, किरण सारिका, शैलजा यादव आदि मौजूद थीं।

### विवेकानंद उद्यान गार्डन ग्रुप के राय अध्यक्ष, सराफ कोषाध्यक्ष बने



**बिलासपुर।** विवेकानंद उद्यान के गार्डन ग्रुप के सदस्यों द्वारा अमित राय को अध्यक्ष और महितोष सराफ को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति सभी सदस्यों ने फूल माला से उनका स्वगत किया और गार्डन के सभी सदस्यों मिष्ठान वितरण किया गया। गार्डन ग्रुप के संचालक आनंद तवाडकर सहित ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष बबलू वर्मा एवं बबुआ सिंह तथा पूर्व कोषाध्यक्ष फ़ैयाज़ सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

**जिला पंचायत से जारी किया फरमान** | सभी ब्लाकों से आवास मित्रों की पहुंची भीड़ कलेक्टोरेट, सौंपा ज्ञापन

# आवास का काम रोजगार सहायकों से कराए जाने पर जताई नाराजगी

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना तहत जिन ग्राम पंचायतों में आवास मित्रों द्वारा 150 आवासों का निर्माण पूर्ण करा लिया गया है, वहां पर आवास निर्माण का कार्य रोजगार सहायकों को दिया जाएगा। इस संबंध में जिला पंचायत से फरमान जारी होने के बाद जिले के आवास मित्र बिखर पड़े हैं और मंगलवार को सभी ब्लॉकों से आवास मित्रों की भीड़ जिला पंचायत व कलेक्टोरेट पहुंची थी।

इन आवास मित्रों का कहना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत जिले में लगभग 400 आवास मित्रों की भर्ती की गई थी। वे करीब दो साल से ग्राम पंचायत क्षेत्रों में आवास निर्माण कराते आ रहे हैं। प्रति आवास निर्माण के एवज में उन्हें शासन की ओर से एक-एक हजार रुपए प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। इनमें से कई आवास मित्रों द्वारा अधिकृत क्लस्टर में आवास निर्माण कराया जा रहा है। लेकिन जिला पंचायत द्वारा एक आदेश निकाला गया है, जिसमें जिन पंचायतों में 150 से अधिक आवास स्वीकृत हुए हैं और वहां आवास मित्रों द्वारा 150 आवास निर्माण पूर्ण करा लिया गया है, वहां आवास निर्माण कार्य में रोजगार सहायकों को लगाने कहा गया है। इस आदेश को आवास मित्र एक तरह से कार्य से पृथक किया जाना समझ रहे हैं। इसलिए आवास मित्रों ने इस आदेश का विरोध करना शुरू कर दिया है।

इसी सिलसिले में आज जिले के सभी ब्लॉकों से आवास मित्रों की भीड़ शहर पहुंची थी। ये आवास मित्र जिला पंचायत और कलेक्टोरेट गए और आवास निर्माण कार्य आवास मित्रों से ही कराए जाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपे हैं।



#### आवास मित्रों का भुगतान बाकी

इन आवास मित्रों के अनुसार उन्हें प्रधानमंत्री आवास निर्माण योजना तहत आवास निर्माण के एवज में पूरी-पूरी राशि नहीं मिली है। बीच-बीच में उन्हें आवास निर्माण के लिए प्रोत्साहन राशि जारी किया गया था, किन्तु अभी भी लगभग आधा राशि उन्हें नहीं मिला है। इसलिए आवास मित्रों ने बकाया भुगतान भी किए जाने की मांग की है।

#### ये है आदेश में

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के क्रियान्वयन के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर आवास मित्रों का उपयोग कराया जा रहा है किन्तु उक्त आवास मित्रों को अधिकतम 150 आवासों को पूर्ण कराए जाने का प्रावधान किया गया है। जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत जहां 150 से अधिक आवासों की स्वीकृति की गई है या उक्त पंचायत में कार्यरत आवास मित्र द्वारा 150 आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया गया है तो ऐसे पंचायतों में कार्यरत आवास मित्रों के स्थान पर ग्राम पंचायतों में पदस्थ रोजगार सहायकों द्वारा आवास योजना से संबंधित समस्त कार्य लिए जाएं एवं 150 के अतिरिक्त शेष अपूर्ण आवासों को पूर्ण कराने की जिम्मेदारी रोजगार सहायकों को दी जाए।

अटल यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय कुलोत्सव का शुभारंभ

# सत्य, करुणा, तपस्या व शुचिता का होना ही समाज के लिए श्रेयस्कर : नामदेव



मंच पर उपस्थित एयू के कुलपति सहित अन्य अतिथि।



स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करतीं मेयर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी बिलासपुर में मंगलवार को वार्षिक सांस्कृतिक एवं अकादमिक महोत्सव कुलोत्सव 2025 का आगाज हुआ। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृतियों को समर्पित यह तीन दिवसीय आयोजन ज्ञान, नवाचार और भारतीय परंपराओं के वैश्विक एकीकरण का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरेगा। कुलोत्सव के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी नारायण नामदेव कहा कि सत्य, करुणा, तपस्या और शुचिता का होना ही समाज के लिए श्रेयस्कर है।

समाजसेवी नारायण नामदेव ने जीवन जीना है तो क्यों और किसके लिए कहते हुए जीवन के उद्देश्य पर विशेष जोर देते हुए व्यक्तित्व और चेतना के विकास पर भी बल दिया और इसे मानव निर्माण की कुंजी बताया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, सीवी रमन यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष और पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. वीके सारस्वत भी उपस्थित रहे। अटल यूनिवर्सिटी के कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने अध्यक्षीय उद्बोधन में विश्वविद्यालय में संस्कारों के वायुमंडल की अहमियत पर बल देते हुए अटल जी के जीवन मूल्यों को साझा किया। उन्होंने कुलोत्सव की मूल भावना को वैदिक श्लोक के माध्यम से रेखांकित किया। कुलपति ने कारगिल युद्ध का उदाहरण देते हुए यह भी बताया कि राष्ट्र की रक्षा के लिए संघर्ष करना एक उच्च जीवन मूल्य है, जिसे नई पीढ़ी को आत्मसात करना चाहिए।

समारोह में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने विश्वविद्यालय को क्षेत्र का भीष्म पितामह बताया और विश्वास व्यक्त किया कि यह संस्थान 2047 तक एक आधुनिक गुरुकुल के रूप में विश्व पटल पर अंकित होगा।

#### प्रदर्शनी व सांस्कृतिक कार्यक्रम

उद्घाटन दिवस की संध्या पूरी तरह से छत्तीसगढ़ी लोक-संस्कृति को समर्पित रही। महापौर श्रीमती पूजा विधानी के मुख्य आतिथ्य में पंडवानी की प्रस्तुति, जिसमें पद्मश्री ऋतु वर्मा ने कीचक वध प्रसंग की ओजस्वी शैली में प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के कुलपति डॉ. लवली शर्मा द्वारा राग माधुवती और अरपा पैरी के धार की सितार वादन प्रस्तुति और मशहूर तबला वादक अवध सिंह ठाकुर का साथ दर्शकों को भारतीय शास्त्रीय संगीत के गहरे संगीत रस में डुबोने वाला था।

#### साव होंगे अतिथि आज



बुधवार को यूनिवर्सिटी में छत्तीसगढ़ नव दृष्टि 2047 विषय पर एक गहन परिचर्चा आयोजित किया गया है, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह होंगे और अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री अरूण सॉव करेंगे। अखिल भारतीय कवि सम्मेलन भी रखा गया है, जिसमें मीर अली मीर, दिनेश कुशवाहा, किशोर तिवारी और इंदु श्रीवास्तव अपनी कविताओं से समां बांधेंगे।



# जवाबदेही और संवेदनशीलता से ही सुशासन संभव : डॉ. अलंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ जिला स्तरीय नवाचार कार्यक्रम आयोजित

राज्य शासन के निर्देशानुसार 19 से 25 दिसंबर तक मनाए जा रहे सुशासन सप्ताह के अंतर्गत आज जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में जिला स्तरीय नवाचार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी डॉ. संजय अलंग ने कहा कि सुशासन का मूल सिद्धांत दो बातों निषेध और वंचना पर आधारित होता है, जितना अधिक अनावश्यक निषेधों को कम किया जाएगा और वंचनाओं को दूर किया जाएगा, उतना ही समाज में संतोष और खुशहाली आएगी।

उन्होंने कहा कि यही वास्तविक सुशासन है। डॉ. अलंग ने कहा कि सुशासन केवल नियमों और आदेशों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि वह सहभागितापूर्ण, जवाबदेह और संवेदनशील होना चाहिए। प्रशासन का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि अंतिम व्यक्ति तक उनका लाभ सुनिश्चित करना होना चाहिए। जब प्रशासन और समाज मिलकर कार्य करते हैं, तभी सुशासन की अवधारणा सार्थक होती है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा "चेतना" अभियान चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से नशे के विरुद्ध लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने शिक्षा विभाग की स्मार्ट क्लास, उद्यानिकी विभाग सहित अन्य नवाचारों पर भी प्रकाश डाला। एसएसपी रजनेश सिंह ने कानून व्यवस्था, जनभागीदारी और कम्यूनिटी पुलिसिंग के महत्व पर अपने विचार रखें।

सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल ने कहा कि सतत विकास के लिए जल संरक्षण को प्राथमिकता दी जा रही है। कार्यक्रम में नगर निगम कमिश्नर श्री प्रकाश कुमार सर्वे, एडीएम श्री शिवकुमार बनर्जी, अपर कलेक्टर सुश्री ज्योति पटेल सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## आधारशिला सैनिक स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का समापन



**बिलासपुर।** आधारशिला विद्या मन्दिर न्यू सैनिक स्कूल में आयोजित वार्षिक खेल प्रतियोगिता का समापन 23 दिसंबर को हो गया। समारोह में विद्यार्थियों ने खेल भावना, अनुशासन एवं टीम वर्क का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया जूना बिलासपुर के मैनेजर संजय सिन्हा एवं सुश्री ऐश्वर्या सिंह तथा विशिष्ट अतिथि सुश्री धन्वंतरि खत्री, एयू के मनीष सक्सेना, कमलेश अग्रवाल, कविता जनास्वामी थीं।विशिष्ट अतिथि सुश्री ऐश्वर्या ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि मानसिक सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करते हैं। मुख्य अतिथि श्री सिन्हा ने विद्यार्थियों को जीवन में खेलों के महत्त्व को बताया। प्रतियोगिता के दौरान कबड्डी, रिले रेस, हैंड बॉल, बास्केट बॉल, टग ऑफ वार सहित विभिन्न खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय की विभिन्न प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करने वाले हाउस को भी पुरस्कृत किया गया। वर्ष 2025-26 के लिए बेस्ट हाउस वेदव्यास हाउस (ग्रीन हाउस) और द्वितीय विश्वामित्र हाउस (रेड हाउस) रहा। तृतीय संदीपनी हाउस (ब्लू हाउस) एवं चतुर्थ स्थान पर द्रोणाचार्य हाउस (यलो हाउस) रहा। कार्यक्रम के अंत में खेल कैप्टन दामिनी सूर्यवंशी ने सभी का धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय परिषद के सदस्य हेड बॉय युवराज यादव, हेड गर्ल दिव्या श्रीवास, सचिव बॉय अरिहान श्रीवास्तव, सचिव गर्ल पल्लवी कुलदीप, स्पोर्ट कैप्टन बॉय स्वप्निल यादव, स्पोर्ट कैप्टन गर्ल दामिनी सूर्यवंशी, उत्तम, सुश्री दामिनी और जतिन का प्रयास सरानीय रहा। वार्षिक खेल समारोह में उपप्रधानाचार्य जोशी जोश और एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर उदय शर्मा के समन्वय मार्गदर्शन महत्त्वपूर्ण रहा। समारोह में विद्यालय के चेयरमैन डॉ अजय श्रीवास्तव, निदेशक एस के जना स्वामी, प्राचार्या जी आर मधुलिका आदि मौजूद थीं।

## अरपा रिवर वैली स्कूल में वार्षिकोत्सव पर बच्चों ने दी प्रस्तुति



**बिलासपुर।** अरपा रिवर वैली इंटरनेशनल स्कूल में 20 दिसंबर को 11वां वार्षिकोत्सव प्रतिबिंब–25 का समापन हो गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य सतर्कता अधिकारी, एसईसीएल हिमांशु जैन सहित विशिष्ट अतिथि पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विवि के उप कुलपति प्रो. डॉ. वीरेंद्र कुमार सारस्वत, जिंदल अकलतरा के अभिषेक कुमार शर्मा, आईएमए अध्यक्ष डॉ. गोपेंद्र सिंह दीक्षित ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। विद्यालय के प्राचार्य फरहान अहमद ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए शैक्षणिक उपलब्धियों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि हिमांशु जैन ने कहा कि अरपा नदी की पावन धारा एवं राधास्वामी सत्संग ब्यास जैसे पवित्र वातावरण में स्थित यह विद्यालय विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास के लिए अत्यंत अनुकूल है। वहीं डॉ. गोपेंद्र सिंह दीक्षित ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना की। कार्यक्रमों में सावित्रीबाई फुले के जीवन पर आधारित प्रस्तुति, अरुणिमा सिन्हा की साहसिक यात्रा पर नाट्य रूपांतरण, 'द लीजेंड तानाजी', छत्तीसगढ़ी लोकगीत, नुक्कड़ नाटक, 'दांडी टू डिजिटल गुजरात' सहित अनेक मनोहारी कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यालय के प्रबंध निदेशक सुरिंदर सिंह चावला ने कहा कि वार्षिकोत्सव बच्चों के आत्मविश्वास एवं प्रतिभा को मंच प्रदान करता है। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. किरण पाल सिंह चावला ने कहा कि बच्चों का व्यक्तित्व उनके पारिवारिक एवं विद्यालयीन संस्कारों का प्रतिबिंब होता है। वहीं डायरेक्टर गुरमेहर सिंह चावला ने आभार व्यक्त किया।

# केवाईसी करने के नाम पर हितग्राहियों की परेशानी बढ़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राशन कार्ड में केवाईसी करने के नाम पर हितग्राहियों को काफी परेशानी हो रही है। आज निगम के नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप, तथा कांग्रेस पार्षदों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा, जिसमें केवाईसी के लिए बुजुर्गों तथा बच्चों के लिए अलग व्यवस्था करने की मांग की है।

नेता प्रतिपक्ष ने ज्ञापन में बताया कि पिछले 4 महीने से बुजुर्ग एवं बच्चे अधिकांश लोग के थंब नहीं लग रहे हैं, जिससे राशन एवं चावल प्राप्त करने से कई परिवार वंचित हैं। भारत कश्यप तथा संतोषी रामा बघेल का कहना है कि एपीएल कार्ड, एपीएल कार्ड केवाईसी अगर एक व्यक्ति का भी केवाईसी नहीं हुआ है तो उसे कार्ड तो उस कार्ड को प्रशासन के द्वारा पूर्णता है बंद कर दिया गया है जो अच्छा नहीं है, जो जनहित में उचित नहीं है और कई परिवार राशन से वंचित भी है। ऐसे राशन कार्ड की संख्या हजारों की तादाद में है, जिन्हें सामान कार्ड में चावल नहीं मिल रहा है। बिलासपुर नगर निगम और बिलासपुर जिला ही नहीं पूरे प्रदेश में यही स्थिति है। कांग्रेस पार्षद दल के नेता भरत कश्यप ने आरोप लगाया कि सामान्य वर्ग को यह सरकार डबल इंजन की सरकार चावल देने से रोक रही है । कई राशन कार्ड धारकों में बुजुर्गों को, बच्चों को चावल आवंटन नहीं हो रहा है । आम जनता परेशान है। ऐसे राशन कार्ड में लगभग 40% लोगों को चावल नहीं मिल पा रहा है। पिछले 4 महीने से नए राशन कार्ड में चावल आवंटन नहीं हो रहा है। केवाईसी में लोगों को हो रही दिक्कतों से निजात दिलाने के लिए कलेक्टर से भरत कश्यप ने मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में उप नेता प्रतिपक्ष संतोषी रामा बघेल, शहजादी कुरैशी, मनहरण कौशिक रामा बघेल, मोहन श्रीवास के अलावा काफी संख्या में कांग्रेस पार्षद उपस्थित थे।

## ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल में संकाय विकास के लिए एआई कार्यशाला का आयोजन



**बिलासपुर।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल ने 22 दिसंबर को संकाय सदस्यों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर रोचक एवं ज्ञानवर्धक कार्यशाला का आयोजन किया। इस दिन के संसाधन व्यक्ति विमल सागर थे। वे शिक्षा जगत को एआई का प्रभावी एवं नैतिक रूप से उपयोग करने के लिए सशक्त बना रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत 'क्या शिक्षक एआई से प्रतिस्थापित हो सकते हैं' विषय पर एक विचार-मंथन सत्र से हुई, जिसमें भावनात्मक एवं नैतिक पहलुओं के साथ शिक्षकों की प्रभावी भूमिका को रेखांकित किया गया। विद्यालय के चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल ने शिक्षकों को बुद्धिमत्ता एवं नैतिकता के साथ एआई का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। निर्देशक प्राचार्या डॉ. श्रुति गुप्ता ने टीम को आजीवन शिक्षार्थी बनने और अधिगम को प्रभावी ढंग से लागू करने प्रेरित किया। सत्र का समापन एक संवादात्मक प्रश्नोत्तर सत्र, क्वेरी सॉल्विंग तथा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इसे सफल बनाने में उप-प्रधानाचार्या रोज़मेरी लक्ष्मण, शैक्षणिक समन्वयक, रिंकी विस्वास एवं शिक्षकों का सहयोग रहा।

## बिरला ओपन माइंड्स स्कूल में नवाचार पर दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन



**बिलासपुर।** बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई के कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के अंतर्गत शिक्षकों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, उद्देश्यपूर्ण एवं परिणामोन्मुख बनाना था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीबीएसई द्वारा नियुक्त रिसोर्स परसन तान्या इमेनुएल तथा ललित कुमार वर्मा ने अपने व्यापक शिक्षण अनुभव साझा किए। शिक्षकों को कक्षा में नवाचार लाने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण के दौरान ब्लूम्स टैक्सोनॉमी चक्र के विभिन्न स्तरों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई तथा पाठ योजना के 6 स्तरों को बताया गया। प्रभावी पाठ-योजना निर्माण पर विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षण सत्र संवादात्मक रहे, जिसमें शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यालय की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉक्टर रेशु जैन एवं प्रचार्या सुतापा सरकार द्वारा इस प्रकार के प्रशिक्षण को शिक्षकों के व्यावसायिक विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया गया। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## राठी अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ प्रदेश की रायपुर निवासी माहेश्वरी समाज की महिली ज्योती राठी को अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। स्थानीय अध्यक्ष विनीता माहेश्वरी ने उनका स्वागत किया ।

आज बेतवा एक्सप्रेस से रायपुर जाते उसलापुर स्टेशन मे रुकी स्थानीय महिलाओ ने भव्य स्वागत किया। ज्योती ने कहा कि संगठन को बढ़ाने के लिए भरपुर प्रयास करुंगी। नारी शक्ति को बढाने के लिए काम करुंगी। यह सम्मान पूरे छत्तीसगढ की महिलाओ का है। उन्होंने सभी का आभार प्रकट किया। वो अभी तक राष्ट्रीय मंत्री थीं। समाज के लिए अपने नेतृत्व मे सेवा समर्पण सशक्तिकरण का कार्यकर छत्तीसगढ को बढ़ाया। माहेश्वरी समाज का मान-सम्मान बढाया। देशभरमे नाम कमाया। सभी ने उज्वल भविष्य की कामना की। इसमें विनीता रामेन्द्र, नीता माहेश्वरी, सुनील सुधा मारदा, महेश डागा, सरिता, सुजिता अनिल मुधंडा, मीना समाज की महिलाएं उपस्थित थी। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया।

## पालना सहायिका भर्ती दावा आपत्ति आज तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सरकण्डा अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र कछार 2 में सहायिका एवं वार्ड क्र 68 (छोटी कोनी) में पालना सहायिका के रिक्त पदों पर प्राप्त आवेदनों के जांच उपरांत दावा आपत्ति 24 दिसम्बर तक जमा कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### व्यापारी के साथ मारपीट कर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** दुकान के सामने गाली गलौज करने से मना करने पर तीन युवकों ने दुकानदार से मारपीट कर पंच व चाकू से हमला कर दिया, पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।
तोरवा पुलिस के अनुसार, ए वेंकट राव पिता स्व. जगन्नाथ राव लालखदान रेड डायमंड होटल के पास पशु आहार की दुकान चलाते हैं। 22 दिसंबर को दोपहर 2 बजे गोलू यादव, संजय यादव, लखन यादव उनकी दुकान के पास आए और गाली गलौज करने लगे। ए वेंकट राव ने दुकान के सामने गाली गलौज करने से मना किया तो तीनों युवक एकराय होकर जान से मारने की धमकी देते हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। गोलू यादव ने पंच व लखन यादव ने चाकू से सीने पर हमला कर दिया है।
मारपीट के दौरान उनके गले से सोने का चेन लाकेट सहित कहीं गिर गई है। विवेक डे, अरूण चक्रवर्ती के द्वारा बीच बचाव करने पर हमलावर भाग गए। पुलिस ने दुकान संचालक की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

### नाबालिग को भगाकर अनाचार, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** नाबालिग को भगाकर अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हिर्री टीआई रविशंकर तिवारी ने बताया, क्षेत्र में रहने वाली एक नाबालिग लापता हो गई थी। जांच में पता चला हिर्री अर्टरा निवासी लखन कुमार निषाद पिता झूनीराम निषाद 20 साल बहला फुसलाकर उत्तर प्रदेश भगाकर ले गया है। पुलिस टीम ने उत्तर प्रदेश के महुआ कारखाना से लखन कुमार निषाद को पकड़कर नाबालिग को बरामद कर लिया है। पूछताछ में नाबालिग ने लखन कुमार के द्वारा शारीरिक संबंध बनाने की बात कही है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 137, 2, 87, 64, 2 ड के तहत युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने साप्ताहिक जनदर्शन में आज दूर-दराज से पहुंचे ग्रामीणों की फरियाद सुनी। उनका आवेदन लिया और आवश्यक कार्रवाई के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे और एडीएम शिवकुमार बनर्जी ने भी लोगों की समस्याओं को सुना। जनदर्शन में आज रिस्दा ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने सरपंच गौरव सिंह चंदेल के विरूद्ध ज्ञापन सौंपने हुए मामले में उचित कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि वे ग्राम रिस्दा में लगभग 40 से 50 सालों से शासकीय भूमि पर मकान बनाकर निवासरत है। वर्तमान सरपंच उस भूमि पर तालाब निर्माण करवाना चाहते हैं। कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत मस्तूरी को मामले की जांच कर कार्रवाई के निर्देश है। सकरी तहसील के ग्राम पंचायत देवरीकला निवासी हरीशंकर साहू ने शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालक द्वारा किए जा रहे गड़बड़ी की शिकायत की। संचालक द्वारा हितग्राहियों को केवल शक्कर का वितरण किया गया एवं चावल अगले माह ले जाने की बात कहीं गई। कलेक्टर ने मामले को खाद्य नियंत्रक अधिकारी को सौंपा।

### कृषि विज्ञान केन्द्र में जागरूकता कार्यक्रम

**बिलासपुर।** कृषि विज्ञान केन्द्र में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत मंगलवार को किसान दिवस सह एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कृषि विज्ञान केन्द्र की डा. शिल्पा कौशिक ने विकसित भारत अभियान के अंतर्गत रोजगार एवं आजीविका से जुड़े वीबी-जी रामजी अधिनियम की जानकारी दी तथा किसान दिवस कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि डॉ. आर.के. एस. तोमर ने खेती में स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कृषकों से पराली न जलाने की अपील की। डा. एस.एल. स्वामी लोरमी ने प्राकृतिक एवं जैविक खेती के सभी मापदंड अपनाकर मूल्य संवर्धन करने पर जोर दिया। डॉ. संजय वर्मा ने प्राकृतिक खेती को अपनाने तथा सब्जी उत्पादन में रसायनों के न्यूनतम उपयोग की सलाह दी।

---

**पिछले साल निगम ने की थी 100 करोड़ रुपए की टैक्स वसूली** | **कुल 136 करोड़ रुपए के टारगेट में अभी तक 54 करोड़ की वसूली हो सकी**

# 1.10 लाख करदाताओं के नंबर नही, तीन महीने में 82 करोड़ की टैक्स वसूली की चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

निगम अमला टैक्स वसूली में पिछड़ता दिख रहा है। कुल 136 करोड़ रुपए के टारगेट में अभी तक 54 करोड़ की वसूली हो सकी है। साफ है अगले तीन महीने में 82 करोड़ रुपए वसूलना होगा जो कि चुनौती से कम नहीं है। सिर्फ संपत्तिकर की ही बात करें तो 51 करोड़ में से 20 करोड़ की वसूली हो सकी है। हालांकि पिछले साल निगम ने करीब 100 करोड़ रुपए की टैक्स वसूली की थी जो कि टारगेट का 99 प्रतिशत था।

इस बार भी निगम को उम्मीद और दावा है कि 100 प्रतिशत से उपर वसूली कर ली जाएगी। देखा जाए तो विकास कार्यों के साथ ही मूलभूत सुविधाओं में निगम को हमेशा से ही बजट की कमी झेलनी पड़ी है। निगम हमेशा से राज्य सरकार से बजट की आस लगाए रहता है। सबसे खास बात कि 137 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले नगर निगम में 1. 40 मकान, दुकान यानी प्रापर्टी है, जो निगम के प्रापर्टी टैक्स के दायरे में आते हैं। निगम के पास केवल 30 हजार करदाताओं के सही मोबाइल नंबर हैं, जिन्हें वॉट्सऐप से बिल भेजा जा चुका है। जबकि 1.10 लाख करदाताओं के वॉट्सऐप नंबर निगम के पास नहीं है। निगम सीमा क्षेत्र में पिछले साल की बात करें, तो 92 हजार मकान और लगभग 16 हजार दुकान का पंजीयन है जो टैक्स अदा करते हैं। इस




वर्ष अगर सर्वे कराया गया तो ये आंकड़ा एक लाख पार कर जाएगा। फिलहाल निगम को टारगेट का आधा टैक्स भी नहीं मिल सका है। अधिकारियों के मुताबिक कई बड़े बकायादार निगम के टैक्स वसूली के टारगेट को प्रभावित कर रहे हैं। ऐसे में बड़े बकायादारों पर अब कुर्की कार्रवाई की भी तैयारी की जा रही है। ध्यान रहे कि ठेका कंपनी को हटाने के बाद निगम अब खुद टैक्स की वसूली कर रहा है। गौरतलब है कि, वर्तमान में शहर और आउटर के वार्डों को मिलाकर निगम में 1.27 लाख के करीब करदाता हैं, जिनसे निगम टैक्स वसूलता है। इसमें लगभग 10 से 15% करदाता ऐसे हैं जो वर्षों से निगम को टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं।

### नंबरिंग से होगा निगम को फायदा

निगम सीमा क्षेत्र में मकानों की नंबरिंग सन 2004 में करवाई गई थी और तब से लेकर अब तक हजारों मकान और दुकान नए बन गए हैं। निगम ने पिछले साल फिर से नंबरिंग की प्रक्रिया शुरू की तो जो कि पूरी नहीं हो सकी है। यदि मकानों की नबरिंग होगी तो निगम को पता होगा कि कौन से मकान का टैक्स उन्हें मिल चुका है। इसके अलावा शहरवासियों को कई ऐसे शासकीय और निजी कार्यों के लिए मकान नबंर की आवश्यकता पड़ती है।

### बड़े बकायादारों पर नोटिस और कुर्की होगी

दरअसल, बिलासपुर नगर निगम में टैक्स वसूली का सिस्टम लंबे समय से गड़बड़ाया हुआ है। कई बड़े बकायादार हैं, जो लंबे समय से टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं। ठेका कंपनी भी ऐसे बकायादारों से लंबे समय से टैक्स की वसूली नहीं कर पाई है। ऐसे में निगम ने अब ठेका कंपनी को हटाते हुए खुद टैक्स वसूली का जिम्मा सम्हाला है। अब निगम की चुनौती बढ़ी हुई है। बड़े बकायादारों पर जहां नोटिस के साथ कुर्की की तैयारी की जा रही है, वहीं अन्य बकायादारों को भी डोर टू डोर नॉक किया जा रहा है। निगम की अलग- अलग टीमें इसके लिए बनाई गई हैं, जो जोनवार बकाया टैक्स की वसूली में लगी हैं।

### स्मार्ट चैटबॉट सिस्टम से वसूली में तेजी

गौरतलब है कि निगम ने संपत्ति कर (प्रॉपर्टी टैक्स) वसूली के लिए एक स्मार्ट चैटबॉट सिस्टम शुरू किया है। इस नई व्यवस्था के तहत नगर निगम करदाताओं को वॉट्सऐप के माध्यम से बिल भेज रहा है, जिसमें भुगतान के लिए एक लिंक भी शामिल होता है। इससे करदाता घर बैठे आसानी से टैक्स का भुगतान कर रहे हैं। इस माध्यम से करीब 50 लाख जमा भी हो चुके हैं। दरअसल नगर निगम का यह स्मार्ट चैटबॉट सिस्टम एक कंप्यूटर प्रोग्राम है। इसका उपयोग कचरा संग्रहण, सफाई, स्ट्रीट लाइट और नाली सफाई जैसी शिकायतों को दर्ज करने के लिए भी किया जा सकता है।

### 100 फीसदी होगी वसूली

पिछले साल निगम ने करीब 100 करोड़ रुपए की टैक्स वसूली की थी जो कि टारगेट का 99 प्रतिशत था। इस बार भी निगम को उम्मीद और दावा है कि 100 प्रतिशत वसूली कर ली जाएगी। निगम मुख्यालय के साथ ही जोन वार भी इसके लिए टीमें बनाई गई हैं।

**- खजांची कुम्हार,** अपर आयुक्त, नगर निगम

---

## शुरू हुआ स्टेशन में काम...



**बिलासपुर।** आठ माह के बाद बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन को 392 करोड़ रुपए की लागत से एयरपोर्ट की तरह बनाने का काम एक बार फिर शुरु कर दिया गया है। इसके तहत नए स्टेशन भवन के लिए 18 फीट का गड्ढा खोदा जा रहा है, जहां कंपनी की जेसीबी और ट्रक दिन रात काम में लगी हुई है।

---

# उत्सवों में अस्थायी ट्रेनों का रेलवे ने दिया स्टापेज




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

रेल प्रशासन ने वार्षिक भंडारा उत्सव के अवसर पर प्रयागधाम के ऊरली स्टेशन के अलावा चालीसा महोत्सव पर चकरभाठा स्टेशन में और शहीदी जोड़ मेला के अवसर पर सरहिंद स्टेशन पर एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों का स्टापेज अस्थायी रूप से देने का निर्णय लिया है।

### ऊरली स्टेशन पर रूकेगी तीन ट्रेनें

प्रयागधाम ऊरली में दिसम्बर से जनवरी में होने वाले वार्षिक भंडारा उत्सव में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली ट्रेनों में 25 दिसम्बर को बिलासपुर से रवाना होने वाली 12849 बिलासपुर-पुणे एक्सप्रेस का 8.17 बजे से 8.18 बजे तक, 14 व 15 जनवरी को 12129 पुणे-हावड़ा आजाद हिंद एक्सप्रेस का 18.50 से 18.51 बजे तक, 10 व 11 जनवरी को 12130 हावड़ा-पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस का 6.14 से 6.15 बजे तक स्टापेज दिया है।

### सरहिंद स्टेशन पर 3 ट्रेनों का स्टापेज

25 से 27 दिसम्बर तक फतेहगढ़ साहिब में शहीदी जोड़ मेला में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए तीन ट्रेनों का स्टापेज दिया जा रहा है। इसमें 24 दिसम्बर को दुर्ग से रवाना होने वाली 20847 दुर्ग-शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर एक्सप्रेंस सरहिंद स्टेशन में 11.31 से 11.33 बजे तक, 26 दिसम्बर को 20807 विशाखापट्टनम-अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेंस सरहिंद स्टेशन में 18.58 से 19.00 बजे तक, 25 दिसम्बर को जम्मूतवी से रवाना होने वाली 12550 जम्मूतवी-दुर्ग एक्सप्रेस 9.59 से 10.01 बजे तक रोकी जाएगी।

### चकरभाठा स्टेशन में 12 ट्रेनें रोकी जाएगी

चकरभाठा में 30 व 31 दिसम्बर को चालीसा महोत्सव में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए 12 एक्सप्रेस गाड़ियों का अस्थायी ठहराव चकरभाठा स्टेशन में दो मिनट के लिए दिया जाएगा। 30 व 31 दिसम्बर को 18239 कोरबा-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी शिवनाथ एक्सप्रेस 21.06 से 21.08 बजे तक, 18240 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-कोरबा शिवनाथ एक्सप्रेस 6.39 से 6.41 बजे तक, 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस 14.34 से 14.36 बजे तक, 18238 अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस 10.19 से 10.21 बजे तक, 13288 आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस 18.02 से 18.04 बजे तक, 13287 दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस 9.14 से 9.16 बजे तक, 18517 कोरबा-विशाखापट्टनम लिंक एक्सप्रेस 18.27 से 18.29 बजे तक, 18518 विशाखापट्टनम-कोरबा लिंक एक्सप्रेस 8.43 से 8.45 बजे तक, 12855 बिलासपुर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी इंटरसिटी एक्सप्रेस 15.36 से 15.38 बजे तक, 12856 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-बिलासपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस 14.00 से 14.02 बजे तक, 12853 दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस 20.40 से 20.42 बजे तक, 12854 भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस 5.25 से 5.27 बजे तक रूकेगी।

---

**50 करोड़ रुपए का सरचार्ज हटाने के लिए निगम ने सीएसईबी को पत्र लिखा**

# चौबीसों घंटे जल रही शहर की स्ट्रीट लाइट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

बिलासपुर नगर निगम पर बिजली बिल का 170 करोड़ रुपए से अधिक बकाया है। इसके बावजूद, व्यापार विहार मेन रोड, गुरु घासीदास नगर, नागदौने कॉलोनी सहित जोन क्रमांक 1, 2, 6, 7 और 8 के 17 वार्डों में स्ट्रीट लाइटें दिन-रात चौबीसों घंटे जल रही हैं। नूतन चौक से लेकर मोपका तक भी यही हाल है यहां रात दिन स्ट्रीट लाइट जलती रहती है। इसे बंद करने की कोई व्यवस्था निगम के पास नहीं है।

■ **बिजली बिल का 170 करोड़ बकाया**

हालांकि अब निगम ने नया तरीका निकाला है। इसके लिए अब स्ट्रीट लाइटें शाम 6 बजे जलाईं जाएंगी और सुबह 6 बजे बंद होंगी। इसके साथ ही निगम ने सोलर लाइट और अमृत मिशन योजना के तहत पानी सप्लाई के 100 से अधिक मोटर पंप बंद कर दिए गए हैं। इसके अलावा बिजली बिल के बकाया में जोड़ा गया 50 करोड़ रुपए का सरचार्ज हटाने के लिए सीएसईबी को पत्र लिखा गया है। निगम के मुताबिक 1999 के अनुबंध के अनुसार सीएसईबी नगर निगम से सरचार्ज नहीं ले सकता, क्योंकि निगम आम जनता को स्ट्रीट लाइट की आवश्यक सेवा प्रदान करता है। शहर की बात करें तो बदइंतजामी का आलम यह है कि कहीं 24



घंटे स्ट्रीट लाइट जलती रहती है, तो कहीं मेन रोड पर अंधेरा रहता है। सर्वाधिक व्यस्त रहने वाले गौरव पथ, रायपुर रोड, लिंक रोड, दयालबंद, तोरवा छठघाट राजकिशोर नगर और सीपत मार्ग में कई खंभों की स्ट्रीट लाइटें बंद पाईं गई। तो कई जगहों पर दिन-रात लाइटें जलतीं रहतीं हैं।

अब निगम ने व्यवस्था की है कि सुबह दो टीम लाइटों का सर्वे करने के लिए भेजी जाएंगी। साथ में मेंटेनेंस के लिए निगम की भी एक टीम रहेगी। इसके साथ ही लाइटों का मेंटेनेंस तत्काल करने, पाट्र्स हमेशा उपलब्ध रखने और जहां आवश्यकता हो वहां नए केबल डालने की व्यवस्था की जा रही है।

### यहां दिन-रात जल रही स्ट्रीट लाइट

दरअसल बिजली की व्यवस्था ठेके पर देने का खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है दिन रात जलने वाली स्ट्रीट लाइटों व बिजली की बर्बादी जीता जागता उदाहरण है इसके बाद भी नगर निगम ने विद्युत मीटरों की सोशल आडिट कराई, तो बड़े पैमाने पर मीटर बंद पाए गए। बिजली खंभों में तीसरा तार खींचने के लिए निगम ने बिजली विभाग को पत्र लिखा है इधर कलेक्टर ने पंचायत क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट के वायर लगाने के लिए डीएमएफ फंड से राशि स्वीकृत करने आश्वस्त किया है। इधर पूर्वी जोन के सकरी, उस्लापुर, अमेरी, घुरु, परसदा, तिफरा, सिरगिट्टी, दोमुंहानी, देवरीखुर्द, मोपका, लिंगियाडीह में स्ट्रीट लाइट 24 घंटे जलती रहती हैं, इन्हें बंद करने पर ध्यान नहीं दिया जाता।

### 20 से अधिक स्थानों पर 24 घंटे जल रही

हरिभूमि ने शहर का जायजा लिया तो निगम एरिया में ही 20 से अधिक स्थानों पर 24 घंटे स्ट्रीट लाइट जलने की शिकायत मिली थी। जिसके बाद इन स्थानों पर बिजली खंभे में तीसरा तार लगाने के लिए सीएसईबी को डिमांड नोट देने कहा गया। इसमें से 4 स्थानों के डिमांड नोट मिल चुके हैं, शेष 6 स्थानों के डिमांड मिलने पर उसकी प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी, ताकि बिजली का अपव्यय रोका जा सके। प्रभारी ईई निलेश पटेल ने बताया कि दिन रात स्ट्रीट लाइट जलने की समस्या मंगला और बिरकोना सहित निगम में शामिल पंचायत क्षेत्रों से मिली थी, जिसके लिए सीएसईबी को तीसरा तार लगाने कहा गया है।

### किया जाएगा भुगतान

अप्रैल के बाद से अभी तक 8 करोड़ रुपए का बिजली बिल जमा किया गया है। बाकी भुगतान भी किया जाएगा। इसके साथ ही निगम ने अब तय किया है कि सभी लाइटें दिन ढलने के बाद एक निर्धारित समय पर शुरू होंगी और सुबह होने पर निर्धारित समय पर एक साथ बंद होंगी। निगम द्वारा स्ट्रीट लाइटों में टाइमर भी लगवाया जा रहा है।

**- निलेश पटेल,** प्रभारी कार्यपालन अभियंता

---

# बंद का छग चैंबर और सराफा एसोसिएशन ने किया समर्थन

**बिलासपुर।** कांकेर (आमाबेड़ा) में धर्मातरण के हिंसक विरोध और प्रशासनिक भेदभाव के खिलाफ 24 दिसंबर को सर्व समाज छत्तीसगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ बंद छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं सराफा एसोसिएशन ने बंद को ऐतिहासिक और पूर्ण समर्थन दिया है।

इस संबंध में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश कार्यालय में आज प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी की अध्यक्षता में व्यापारिक संगठनों एवं चेम्बर पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें कांकेर जिले के आमाबेड़ा में मिशनरियों द्वारा स्थानीय जनजाति समाज पर किए गए योजनाबद्ध हमले और स्थानीय प्रशासन के भेदभावपूर्ण रवैये पर गहरा रोष व्यक्त किया गया। प्रदेश के आदिवासी एवं अन्य समाजों के प्रति अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए चेम्बर इस बंद का पुरजोर समर्थन करता है। एकजुट होकर छत्तीसगढ़ बंद को शत-प्रतिशत समर्थन देने की घोषणा की। चेम्बर के प्रदेश अध्यक्ष श्री थौरानी ने जोर दिया कि धर्मांतरण एक गंभीर मुद्दा है और स्थानीय प्रशासन का भेदभावपूर्ण रवैया निराशाजनक है। इसी संदर्भ में छत्तीसगढ़ चेम्बर् आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज बिलासपुर भी बंद का पूर्णतः समर्थन करता है। प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष निकेश बरड़िया, बिलासपुर इकाई अध्यक्ष भागचंद बजाज, बिलासपुर इकाई सचिव- महितोष सराफ आदि ने बंद का समर्थन किया है। इसी तरह छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन अपने सभी 120 इकाई एवं उनके सदस्यगण कांकेर जिला में हो रहे मिशनरियों द्वारा स्थानीय जनजाति समाज का धर्मांतरण का घोर निंदा करता है तथा इसके विरोध में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज 24 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ बंद" का पूर्ण समर्थन करता है।

---

**कार्रवाई: 15 नवंबर से 23 दिसंबर तक पकड़े गए 50 मामले**

# अवैध धान संग्रहण मामलों की हाफ सेंचुरी, पंद्रह सौ क्विंटल धान जब्त

**बिलासपुर।** सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ होने के दिनांक 15 नवंबर से लेकर 23 दिसंबर तक प्रशासन के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान संग्रहण के 50 मामले पकड़े जा चुके हैं। इन पचास मामलों में टीम के द्वारा पंद्रह सौ क्विंटल धान की जब्ती की गई है। बिचौलियों के माध्यम से किसानों के खातों में ये धान बेचा जाता, इससे पहले ही इनकी जब्ती कर ली गई।

बिचौलियों ने सस्ती दरों पर किसानों का धान खरीदकर समर्थन मूल्य पर बेचने व ज्यादा लाभ कमाने



की कोशिश तो अच्छी की थी, लेकिन जिला प्रशासन की चुस्त-दुरूस्त व्यवस्था के चलते अच्छा-खासा लाभ कमाना तो दूर की बात है, उल्टे उनका मूलधन भी फंस गया है। अब धान खरीदी की समयावधि 31 जनवरी को समाप्त होने के बाद ही संबंधितों के धान एवं वाहन छोड़े जा सकेंगे। इतना ही नहीं, बल्कि धान छोड़ने से पहले मंडी अधिनियमों के अंतर्गत जुर्माने की कार्रवाई भी अलग से की जाएगी। धान खरीदी को अब भी सवा महीने शेष हैं, जिससे इस बीच भी प्रशासन की धर-पकड़ की कार्रवाई चलती रहेगी।

### सरकार को 48 लाख का फायदा

पकड़ा गया अवैध धान अगर निरीक्षण दलों के हाथ नहीं लगता तो बिचौलियों के माध्यम से अब तक यह विभिन्न किसानों के खाते में समर्थन मूल्य पर बेचा जा चुका होता। कार्रवाई के अंतर्गत टीम के द्वारा 1541.20 क्विंटल धान की जब्ती की गई है। ऐसे में अगर पकड़े गए धान का हिसाब 31 सौ रूपए प्रति क्विंटल की दर पर किया जाए तो यह आंकड़ा 47 लाख 77 हजार 720 रूपए तक पहुंचता है। कुल मिलाकर इस कार्रवाई से सरकार की लगभग 48 लाख रूपए की बचत हुई है।

### कार्रवाई में कई टीमें शामिल

अवैध धान की धरपकड़ करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कई टीमें गठित की गई हैं। इसके अंतर्गत खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग, राजस्व विभाग एवं मंडी विभाग के न केवल जमीनी स्तर के कर्मचारी, बल्कि अधिकारी भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके अलावा जिले में करीब आठ स्थानों पर चेकपोस्ट बनाए गए हैं। चेकपोस्ट में वन विभाग के जमीनी स्तर के कर्मचारी एवं खनिज जांच चौकी में भी अवैध धान परिवहन जांच की व्यवस्था की गई है।

### जुर्माने के बाद छोड़ा जाएगा

अवैध धान संग्रहण, भंडारण व परिवहन के कुल 50 मामलों में 1541 क्विंटल धान जब्त किए गए है। जब्त धान एवं वाहन समर्थन मूल्य पर खरीदी की अवधि 31 जनवरी तक जब्त ही रखे जाएंगे। इसके बाद मंडी अधिनयमों के अंतर्गत कार्रवाई कर नियमानुसार जुर्माने के बाद इन्हें छोड़ा जा सकेगा।

**-राजेंद्र ध्रुव,** प्रभारी संयुक्त संचालक कृषि उपज मंडी

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

## खबर संक्षेप

### मदन बने सहकारी समिति के विधायक प्रतिनिधि



**रतनपुर।** कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने सोमवार शाम अपने विस क्षेत्र अंतर्गत सेवा सहकारी समितियों के लिए विधायक प्रतिनिधियों की नियुक्ति सूची जारी की। सूची में रतनपुर सेवा सहकारी समिति क्रमांक 256 के लिए वरिष्ठ कांग्रेस नेता मदन कहरा को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति पर श्री कहरा ने कहा कि वे अपने दायित्व का जिम्मेदारी से निर्वहन करेंगे।

### देवांगन विद्यालय का 7 दिवसीय रासेयो शिविर



**मल्हार।** बद्री प्रसाद देवांगन मध्यनगरीय उमावि मल्हार की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य प्रदीप वैष्णव के मार्गदर्शन व कार्यक्रम अधिकारी करूणेश नपित के निर्देशन में ग्राम जुनवानी में 7 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि गणेशदत्त राजू तिवारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। शिविर में दिनचर्या की शुरुआत प्रभात फेरी से करते हुए स्वयंसेवकों ने गांव की विभिन्न गलियों में भ्रमण कर जन जागरूकता के गीत गाए। परियोजना कार्य अंतर्गत गांव के स्कूल परिसर, पंचायत परिसर, सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी ,तालाब, सड़कों ,गलियों में सफाई कार्य कर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा ग्रामीणों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया। गणेशदत्त राजू तिवारी ने लोकतंत्र में मीडिया के स्थान के बारे में विस्तृत जानकारी छात्र-छात्राओं को प्रदान की।

### महिला जागृति मंडल ने किया वनवासी पाठशाला में स्वेटर कंबल का वितरण



**लोरमी।** महिला जागृति मंडल मुंगेली के द्वारा अचानकमार अभायारण्य के दूरस्थ प्रयास वनवासी पाठशाला बिसोनी के बच्चों को स्वेटर वितरण किया गया। साथ ही वनवासी बच्चों के माता-पिता को साड़ी कंबल, बंगाली, पेंटशर्ट उपहार स्वरूप दिया गया। उक्त कार्यक्रम का संचालन मंडल की सदस्य लक्ष्मी सोनी ने किया। महिला जागृति मंडल द्वारा प्रयास ए स्माल स्टेप फाउंडेशन को उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए समृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिला जागृति मंडल की प्रमुख सदस्य सरिता बाजपेयी, प्रमिला चौरसिया, सावित्री सोनी, मंजू सोलंकी, शीला जायसवाल, मेघा मिश्रा, कमल श्रीवास्तव, अटेम्प्ट सोनी, मधु उप्पल, सुधा राजपूत, रिंकी बनर्जी, शशि सोनी, संगीता छतरी ,वंदना गुलहरे, शकुंतला राजपूत उपस्थित रहे।

### ड्यूटी जा रहे आरक्षक की कार खंभे से टकराई, घायल



**तखतपुर।** बिलासपुर से ड्यूटी के लिए आ रहे आरक्षक की कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से टकरा गई, जिससे आरक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार तखतपुर थाना में पदस्थ आरक्षक ओंकार राजपूत बच्चों को घर छोड़ने बिलासपुर गए थे। रात में ड्यूटी होने के कारण ओंकार अपनी कार से बिलासपुर से वापस आ रहे था, तभी खम्हरिया के पास एक व्यक्ति के अचानक कार के सामने आ गया, जिसको बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर पास में लगे बिजली के खंभे से जा टकराई। हादसे में ओंकार राजपूत को पैर में चोंट आई और वे गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना तखतपुर थाने में दी एवं पुलिस टीम आनन-फानन में घटना स्थल पहुंची। ग्रीन कॉरिडोर बनाकर आरक्षक को तत्काल बिलासपुर के श्रीराम केयर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के बाद उनको छुट्टी दे दी गई। एयरबैग ने बचाई जान- आरक्षक की कार जैसे ही दुर्घटनाग्रस्त हुई, वैसे ही गाड़ी के सभी एयरबैग खुल गए और शरीर का ऊपरी हिस्सा सुरक्षित बच गया।

### 42 किसानों को मूंगफली बीज का वितरण



**मल्हार।** राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन एनएमईओ–ओएस योजना के अंतर्गत ग्राम विद्याडीह में किसानों को मूंगफली बीज वितरण किया गया। बीज वितरण कार्यक्रम में जनपद सदस्य ज्वाला बंजारे, कृषि विभाग के अधिकारी सुरेश चंद्र कौशल, विद्याडीह सोसाइटी के प्रबंधक छत्तू राम साहू एवं ग्राम सरपंच संतोष पाटले की उपस्थिति रही। योजना के अंतर्गत कुल 20 हेक्टेयर क्षेत्रफल के लिए 42 किसानों को मूंगफली बीज का वितरण किया गया। इस अवसर पर ज्वाला बंजारे ने कहा कि, एनएमईओ-ओएस योजना किसानों के लिए लाभकारी है, जिससे तिलहन उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा और किसानों की आय में वृद्धि होगी।

## एसआईआर के संबंध में कलेक्टर ने दी विस्तार से जानकारी

# 5 लाख से अधिक ने भरे गणना पत्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार ने निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में प्रेस कांफ्रेंस कर एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक लेकर विस्तारपूर्वक आवश्यक जानकारी दी।

इस दौरान जिले के विधानसभा क्षेत्र 26 लोरमी, 27 मुंगेली एवं 29 बिल्हा के भाग संख्या 1 से 143 के निर्वाचक नामावली के प्ररूप 5 का प्रकाशन किया गया और राजनैतिक दलों को फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली की हार्ड कॉपी एवं फोटोरहित निर्वाचक नामावली की साफ्टकापी, मतदान केन्द्रों की सूची तथा एएसडी की सूची उपलब्ध कराई गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि, निर्वाचक नामावली में किसी निर्वाचन का नाम नामावली में सम्मिलित किए जाने अथवा विलोपित किए जाने के संबंध में




एस.आई.आर के बारे में जानकारी देते कलेक्टर।

दावा-आपत्ति 22 जनवरी 2026 तक किया जा सकता है। 14 फरवरी 2026 तक दावा-आपत्तियों के निराकरण का कार्य किया जाएगा। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान ऐसे मतदाता जिनको 'सी' कैटेगरी में रखा गया है, उनको अपनी उम्र के वर्ग के अनुसार से निर्धारित दस्तावेज की मांग के लिए नोटिस तामिल किया जाएगा। इसके साथ ही साथ जो मतदाता 1 अक्टूबर 2026 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं, फॉर्म 6 के द्वारा मतदाता सूची में उनका नाम जोड़ने हेतु आवेदन भी प्राप्त किया जा रहा है। इसके अलावा वे सभी व्यक्ति जो 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करेंगे, उनसे भी भावी मतदाताओं के रूप में फार्म 6 भराने की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। इसके उपरांत 21 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। वर्तमान में जिले के कुल मतदाताओं की संख्या 6 लाख 17 हजार 23 है। एसआईआर के दौरान गणना पत्रक भरने वाले मतदाताओं की संख्या 5 लाख 32 हजार 21 है। जिनका नाम मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन में नाम प्रविष्ट है। स्थानांतरित मतदाताओं की संख्या 34 हजार 911, मृतकों की संख्या 21 हजार 592 तथा दोहरी प्रविष्टी की संख्या 28 हजार 499 है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने बताया कि जिले के जिन मतदान केंद्रों में मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक होने पर आयोग के निर्देशानुसार उन मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तिकरण कर 134 नए मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। अब मुंगेली विधानसभा अंतर्गत 340 मतदान केन्द्र, लोरमी विधानसभा अंतर्गत 312 और पथरिया अंतर्गत 143 मतदान केन्द्र हो गए हैं।

## कलेक्टर ने की धान खरीदी की समीक्षा



जिले में जारी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर कुन्दन कुमार ने धान खरीदी केंद्रों में पंजीकृत किसानों, धान विक्रेताओं की सूची तथा पिछले वर्ष के धान का रकबा और खरीदी की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि धान खरीदी का कार्य पूरी गंभीरता और सावधानी के साथ किया जाए तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि, धान खरीदी प्रक्रिया शासन का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने चेतावनी दी कि, यदि इस कार्य में अनियमितता पाई जाती है या इसे गंभीरता से नहीं लिया गया, तो संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने छूटे हुए खसरों की जानकारी ली और निर्देश दिए कि किसानों से संपर्क कर टोकन तुंहर द्वार एप के माध्यम से टोकन काटने के संबंध में जानकारी दी जाए। कलेक्टर ने बताया कि, अब तक जिले में लगभग 43 हजार किसान धान विक्रय कर चुके हैं, जो खरीदी प्रक्रिया की प्रगति को दर्शाता है। उन्होंने टोकन तुंहर द्वार योजना की जानकारी देते हुए कहा कि इसके माध्यम से किसानों को सुविधा प्रदान की जा रही है, जिससे उन्हें अनावश्यक परेशानी न हो। साथ ही, लघु कृषकों के संबंध में विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि यदि बाहर से धान लाकर मंडियों में खपाने का प्रयास किया जाता है, तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध मंडी अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। धान उपार्जन के प्रतिशत की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि रकबा बढ़ाने या गलत जानकारी देने की स्थिति में एफआईआर दर्ज की जाएगी। बैठक में एडीएम निष्ठा पाण्डेय तिवारी, अपर कलेक्टर जीएल यादव सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## ई-ऑफिस के क्रियान्वयन में लापरवाही पर कलेक्टर सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने ई-ऑफिस के क्रियान्वयन में लापरवाही पर सख्ती दिखाते हुए लोरमी, पथरिया, बरेला, जरहागांव और सरगांव के मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा जिला शिक्षा अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही इनऑपरेटिव डीएफ एकाउंट तथा ई-ऑफिस में फाइल का संपादन नहीं करने पर डीईओ सहित सभी बीईओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कार्यालय के समस्त कार्य ई-ऑफिस के माध्यम से संपादित करने के निर्देश दिए।

- मुख्य नपा अधिकारियों व डीईओ को नोटिस देने के निर्देश

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने मंगलवार को जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में बैठक लेकर विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा और जिले में बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में लक्षित प्रगति प्राप्त नहीं करने पर सभी नगरीय निकायों व जनपद पंचायतों के सीएमओ और राजस्व विभाग को कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग के ईई को पीएम सूर्य घर योजना में प्रगति लाने निर्देशित किया। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री घोषणाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों से कार्य-प्रगति की जानकारी ली तथा मुख्यमंत्री घोषणाओं को समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी विभागों के अंतर्गत हाईकोर्ट में लंबित विभागवार प्रकरणों पर विस्तृत चर्चा की तथा सभी संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध जवाब प्रस्तुत कर प्रकरणों के निराकरण के संबंध में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जिले में ठंड को देखते हुए अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में धान उठाव की स्थिति की समीक्षा करते हुए तेज गति से उठाव के निर्देश दिए गए। उन्होंने पीवी एप के माध्यम से बड़ी संख्या में हितग्राहियों के फिजिकल वेरिफिकेशन नहीं होने पर लोरमी एसडीएम, खाद्य अधिकारी को नोटिस जारी करने तथा प्रोग्रामर को निलंबित करने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर कॉन्फ्रेंस के एजेंडे के लिए अपूर्ण प्रगति वाले विभागों के विभागाध्यक्षों को पत्र जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने डीडीए को खाद-बीज वितरण, किसान सम्मान निधि ई-केवाईसी का कार्य शीघ्र पूर्ण करने को कहा। कलेक्टर ने बताया कि, शासन द्वारा रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन अंतर्गत लाए गए वीबीजी रामजी अधिनियम 2025 को संसद में पारित किया गया है।

## श्रीमद्भागवत कथा में प्रहलाद चरित्र व नरसिंह अवतार का वर्णन

**लोरमी।** ग्राम बांधा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा वाचक पंडित सुरेन्द्र कृष्ण गिरी महराज के श्रीमुख से प्रहलाद चरित्र एवं नरसिंह अवतार की कथा का वर्णन किया गया।



कथा का विस्तार करते हुए कथावाचक ने बताया कि, बताया कि भक्त प्रह्लाद का जन्म रक्षा और असुर हिरण्यकश्यप के वध के लिए लिया हुआ था। हिरण्यकश्यप को मिले वरदान का उल्लंघन करने के लिए, विष्णु ने आधा-मानव, आधा-सिंह रूप धारण किया और संध्या वेला में महल की दहलीज पर अपने नाखूनों से उसका वध किया, जिससे धर्म की स्थापना हुई। पंडित गोस्वामी ने बताया कि पानी, हवा या धरती पर किसी भी शस्त्र से उसकी मृत्यु न हो सके, इन सब बातों को ध्यान में रख भगवान ने आधे नर और आधे मनुष्य का रूप लिया। दिन और रात के बीच यानी संध्या के समय, हवा और धरती के बीच यानी अपनी गोद में लेटाकर बिना शस्त्र के उपयोग, यानि अपने ही नाखूनों से हिरण्यकश्यप को मारा। भगवान विष्णु का ये अवतार बताता है कि जब पाप बढ़ जाता है, तो उसको खत्म करने के लिए शक्ति के साथ ज्ञान का उपयोग भी जरूर हो जाता है। इस मौके पर कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आरती प्रमेन्द्र पुरी गोस्वामी, खेलकुमारी आत्माराम सागर, मनोज, मीनाक्षी, नागेन्द्र सोमवती सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में जुटे हुऐ हैं।

## चेम्बर ऑफ कॉमर्स का प्रदेशव्यापी बंद को समर्थन

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने कांकेर जिले के आमाबेड़ा क्षेत्र में धर्मांतरण विवाद, जनजातीय समाज पर हमले और प्रशासनिक भेदभाव के विरोध में 24 दिसंबर को प्रस्तावित प्रदेशव्यापी बंद को मुंगेली में पूर्ण समर्थन देने का ऐलान किया है। चेम्बर ने स्थानीय व्यापारियों से अपील की है कि, शाम 4 बजे तक सभी प्रतिष्ठान स्वैच्छिक रूप से बंद रखें तथा बंद को ऐतिहासिक बनाने में योगदान दें। इस दौरान अस्पताल, एम्बुलेंस और दवा दुकानों जैसी आवश्यक सेवाओं को छोड़कर शेष प्रतिष्ठानों को शाम 4 बजे तक बंद रखने का निवेदन किया गया। पदाधिकारियों ने चेतावनी देते हुए अफवाहों से दूर रहने तथा प्रशासन से कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

## अस्पतालों में सुरक्षित मातृत्व अभियान आज

**मुंगेली।** भारत सरकार की योजना के तहत 24 दिसम्बर को जिले के जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं चिन्हांकित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जाएगा।

- की जाएगी गर्भवती महिलाओं की जांच व सोनोग्राफी

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान एक महत्वूपर्ण कार्यक्रम है। जिसका मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं में उच्च जोखिम वाले लक्षणों की पहचान कर विशेषज्ञ तथा प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण संपूर्ण प्रबंधन सुनिश्चित करना है। उच्च जोखिम श्रेणी में आने वाली गर्भवती महिलाओं का समुचित प्रबंधन एवं सुनियोजित संदर्भन सुनिश्चित कर मातृ मृत्यु अनुपात को कम किया जा सकता है। उक्त दिवस में चिन्हांकित उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी के लिए चिन्हांकित निजी सोनोग्राफी सेंटर में निशुल्क सोनोग्राफी कराई जाती है।



### एक लाख से अधिक बच्चों को पिलाई गई पोलियो ड्रॉप

जिले में 21 दिसम्बर को पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया है, जिसमें पहले दिन 1 लाख 13 हजार 925 बच्चों को बूथ पर लाकर पोलियो की खुराक पिलाई गई एवं दूसरे दिन घर-घर भ्रमण कर 5 हजार 81 बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई गई। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम टेमरी में स्वास्थ्य शिविर के दौरान महिपाल सिंह ने 5 टीबी मरीज व सरपंच दिग्विजय सिंह ने 1 टीबी मरीज को निक्षय मित्र बनकर 6 माह तक पोषण आहार उपलब्ध कराने की संकल्प लिया। इसी प्रकार राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सघन कुष्ठ खोज अभियान 8 दिसंबर से 31 दिसंबर तक चलाया जा रहा है, जिसमें जिले में घर-घर सर्वे कर अभी तक 940 संदेहास्पद कुष्ठ के मरीज एवं 19 नए कुष्ठ मरीज की पहचान की गई है।

## बांग्लादेश में हिंदू नरसंहार के खिलाफ विहिप, बजरंग दल का प्रदर्शन

**पुतला दहन**
**मानवाधिकार उल्लंघन की कड़ी निंदा**

**पेंड्रा।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रही कथित नृशंस हिंसा के विरोध में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं मातृशक्ति के कार्यकर्ताओं ने पेंड्रा के दुर्गा चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया।

इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने प्रतीकात्मक पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्याओं, मंदिरों एवं संपत्तियों पर हमलों, प्रशासनिक चुप्पी और मानवाधिकारों के खुले उल्लंघन की कड़ी निंदा की। कार्यक्रम के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान इस गंभीर मुद्दे की ओर आकृष्ट करने की मांग की गई। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष हर्ष छाबरिया ने कहा कि, निर्दोष हिंदुओं की हत्याएं और धार्मिक स्थलों पर हमले पूरी मानवता के लिए कलंक हैं।



उन्होंने कहा कि, ऐसी घटनाएं लोकतांत्रिक मूल्यों और मानवाधिकारों पर सीधा प्रहार हैं, जिन्हें किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि, भारत ही हिंदुओं का एकमात्र सुरक्षित देश है, और यदि भारत हिंदुओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों के लिए आवाज नहीं उठाएगा, तो उनके लिए कोई और खड़ा नहीं होगा। कार्यक्रम में स्वामी कृष्णप्रपन्नाचार्य जी महाराज, विहिप जिला अध्यक्ष हर्ष छाबरिया, बजरंग दल जिला संयोजक सागर पटेल, मातृशक्ति संयोजिका प्रिया त्रिवेदी, जिला मंत्री प्रकाश साहू, जिला सह मंत्री निखिल परिहार, जिला सह संयोजक विनय पांडे सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। साथ ही भाजपा पदाधिकारी केशव पांडे, अनिल अहिरवार सहित शिवम साहू, भूपेंद्र चौधरी, शुभम गुप्ता, शनि पटेल, नवीन आदि शामिल हुए।

## नपा स्कूल का 7 दिवसीय रासेयो शिविर शुरू

**मुंगेली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगर पालिका की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से 7 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम नवागांव घुठेरा में किया जा रहा है।

शिविर के दौरान बौद्धिक परिचर्चा के अंतर्गत नशा उन्मूलन, जागरूकता अभियान, स्वच्छता कार्यक्रम, सामाजिक जागरूकता, गतिविधियां एवं विविध रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। विद्यालय के प्राचार्य विजय सोनी एवं कार्यक्रम अधिकारी किशनलाल देवांगन ने बताया कि, यह शिविर समीपस्थ ग्राम नवागांव घुठेरा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में 21 से 27 दिसम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। सात दिवसीय विशेष शिविर के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि सरपंच नारायण साहू, उपसरपंच नरेन्द्र टोन्डे, प्राचार्य मनीराम कुर्रे एवं ग्राम के पंचगण सुदर्शन साहू, मुकेश साहू, देवकुमार साहू एवं नागरिकों के उपस्थिति में शिविर का शुभारंभ किया गया। अतिथियों ने संदेश देते हुए हमेशा स्वानुशासन का पालन करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की प्रेरणा दी एवं अनुशासन ही सफलता की कुंजी बताया। इस वर्ष शिविर की मुख्य थीम युवाओं के लिए नशा मुक्त भारत रखी गई है। शिविर के दौरान बौद्धिक परिचर्चा के अंतर्गत नशा उन्मूलन, जागरूकता अभियान, स्वच्छता कार्यक्रम, सामाजिक जागरूकता, गतिविधियां एवं विविध रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। अंत में कार्यक्रम अधिकारी किशनलाल देवांगन ने शिविर के प्रमुख उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से नशा मुक्त एवं स्वच्छतायुक्त समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। सीके पांडे ने एनएसएस प्रेरणा गीत प्रस्तुत किया गया एवं अंत में खेमराज जायसवाल ने आभार प्रदर्शन किया।



## रोहराकला में सुशासन सप्ताह शिविर, प्राप्त हुए 436 आवेदन

# आमजन को मिल रहा सुशासन सप्ताह का प्रत्यक्ष लाभः धरमलाल

**पथरिया।** जिला प्रशासन मुंगेली की ओर सुशासन सप्ताह के अंतर्गत ग्राम पंचायत रोहराकला में जनसमस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता कर विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। शिविर के दौरान कुल 436 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 154 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया, जबकि शेष आवेदनों के शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए। शिविर में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, जिला पंचायत सभापति अनीला देवेंद्र राजपूत उपस्थित रहे।

इस मौके पर धरमलाल कौशिक ने कहा कि, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आमजन को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। उन्होंने




प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति, महतारी वंदन योजना एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की किस्त भुगतान, सुव्यवस्थित धान खरीदी, आयुष्मान कार्ड से निशुल्क उपचार, राजस्व प्रकरणों के त्वरित निपटारे व संस्थागत प्रसव एवं सुपोषण अभियान के सकारात्मक परिणामों की जानकारी दी। साथ ही शिविर में उपस्थित ग्रामीणों के व्यक्तिगत प्रश्नों का समाधान भी किया। जिला पंचायत सभापति अनिला देवेंद्र राजपूत ने कहा कि, प्रशासनिक अधिकारी अपने विभाग की योजनाओं को लेकर गांव आ रहे हैं, और ग्रामीण महिला परुषों को उसके लाभ उठाने का घर पहुंच अवसर दे रहे हैं। यह सब भाजपा की साय सरकार की पहल है, जो जनोन्मुखी है। शिविर मे जिला भाजपा उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, मंडल अध्यक्ष संजय राजपूत, अभिलाष त्रिवेदी, निश्चल गुप्ता, जनपद अध्यक्ष चित्ररेखा मनीष जांगड़े, उपाध्यक्ष दीपिका चंद्रशेखर कौशिक, पथरिया नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव, उपाध्यक्ष मनोज पांडेय, जनपद सभापति रिंकू ठाकुर, जनपद सदस्य अश्वनी वर्मा, जनपद सदस्य लोकेश साहू, प्रदीप प्रधान मुख्यकार्यपालन अधिकारी पथरिया, सरपंच प्रतिनिधि श्रीधर राकेश, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र साहू, झुमुकलाल साहू, जनीराम साहू, सोनिया यादव, अनिता यादव, ईश्वरी साहू, बलकरण निषाद, ढेलऊ राम, मीरा ठाकुर, सोनकुंवर साहू, रजिया साहू, द्वावारिका धृतलहरे, रामनिवास, शिमला साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## क्रिशियन यूथ ने निकाली क्रिसमस रैली व झांकी

**मुंगेली।** क्रिश्चियन यूथ मुंगेली के बैनर तले मसीही समुदाय की ओर से शहर में क्रिसमस रैली व झांकी निकाली गई। रैली में शामिल सभी पास्टर्स ने देश-प्रदेश में अमन-चैन व भाईचारे की प्रार्थना की।

क्रिश्चियन यूथ की ओर से निकाली गई यह रैली प्रभु यीशु के जन्म की खुशी मनाने और उनके संदेश को फैलाने के उद्देश्य से आयोजित की गई। रैली में युवाओं की टोली विशेष रूप से उत्साहित दिखी, जो नाचते-गाते हुए चर्च परिसर से दाऊपारा चौक पुराना बस स्टैंड, बालानी चौक, पड़ाव चौक होते नगर भ्रमण की। मिशन अस्पताल क्षेत्र में युवाओं सहित सभी मसीहीजन जन्मोत्सव मसीही गीत में जमकर थिरके। रैली में युवक-युवतियों की भागीदारी अधिक रही, वही मसीही समुदाय से हजारों की संख्या में लोग रैली में उपस्थित हुए। क्रिश्चियन यूथ के अध्यक्ष शौर्य लालजी ने बताया कि, यीशु मसीह का जन्मोत्सव पूरे माह भर हर्ष और आनंद के साथ मनाया जाता है। जिले के सभी चर्चों में 24 दिसंबर की रात विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसके बाद मध्यरात्रि में प्रभु यीशु के आगमन का जश्न मनाया जाता है, और 25 दिसम्बर को चर्च में आराधना की जाती है। वहीं पास्टर रेवरेंट लॉरेंस राज ने बताया कि, यह रैली शहर की सुख-शांति और अमन-चैन के लिए निकाली गई। रैली को सफल बनाने क्रिश्चियन यूथ मुंगेली के अध्यक्ष शौर्य राज लालजी, उपाध्यक्ष नमन सैमुअल, अभिनव वाणी, सचिव अविनाश राम, कोषाध्यक्ष अर्चना का योगदान रहा।